# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्षः 13 | अंकः 181 | गौतमबुद्धनगर, गुरुवार 30 मई 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रूपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236



**P- 3**

नोएडा प्राधिकरण का 12 बिल्डरों पर एक्शन की



**P- 4**

भाई ने बहन के साथ मिलकर अपहरण की गढ़ दी झूठी कहानी



**P- 5**

हमने भारत के साथ हुए समझौते का किया उल्लंघन... यह हमारी गलती



**P- 6**

जोकोविच फ्रेंच ओपन में हर्बर्ट को हराकर दूसरे दौर में पहुंच

# 8 लोगों की हत्या कर युवक ने फांसी लगाई

## पत्नी, फिर मां-बहन, भाई-भाभी, भतीजा-भतीजियों को कुल्हाड़ी से काटा

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा में एक युवक ने परिवार के 8 लोगों की हत्या कर फांसी लगा ली। आरोपी ने सबसे पहले अपनी पत्नी को कुल्हाड़ी से काटा, फिर मां-बहन, भाई-भाभी और दो भतीजियों-भतीजे को मार डाला। ताऊ के घर जाकर 10 साल बच्चे पर भी हमला किया, लेकिन वह जान बचाकर भाग गया। इसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी।



छिंदवाड़ा जिले के आदिवासी गांव बोदल कछार में एक युवक द्वारा अपने परिवार के आठ सदस्यों की हत्या करने और फिर आत्महत्या करने के बाद पुलिस कर्मी अपराध स्थल की जांच करते हुए।

घटना तामिया तहसील में थाना माहुलझिर के बोदल कछार गांव की है। मंगलवार-बुधवार की रात 2.30 बजे आरोपी दिनेश उर्फ भूरा ने पत्नी (23), मां (55), भाई (35), भाभी (30), बहन (16), भतीजा (5), दो भतीजी (4 और डेढ़ साल) को मार डाला। घटना के बाद से गांव के लोगों में डर बना हुआ है। गांव में पुलिस बल तैनात है।

युवक ने परिवार की हत्या क्यों की, फिर खुदकुशी क्यों की, यह अभी सामने नहीं आ पाया है। एसपी का कहना है कि घटना की विस्तृत जांच की जा रही है।

### पुलिस को तड़के तीन बजे मिली सूचना

एसपी मनीष खत्री के मुताबिक, 21 मई को ही आरोपी की शादी हुई थी। बताया जा रहा है कि दिनेश मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। पूर्व में उसका होशंगाबाद (नर्मदापुरम) में इलाज भी चला है। पुलिस को तड़के 3 बजे घटना की सूचना मिली। आसपास के थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। घर में शव पड़े हुए थे, थोड़ी दूर पर एक पेड़ पर आरोपी का शव फंदे पर लटका हुआ था।

### घर में हत्याएं ... फिर पहुंचा ताऊ के घर

एसपी ने बताया कि बोदल कछार आदिवासी बाहुल्य गांव है। आरोपी दिनेश का घर गांव में एक तरफ है। बसाहट कम है। परिवार के सभी लोगों को मारने के बाद वह ताऊ के घर पहुंचा। ताऊ का घर उसके घर से 50 मीटर दूर है। यहां उसने 10 साल के बच्चे पर हमला किया, कुल्हाड़ी बच्चे के जबड़े पर लगी। इतने में उसकी दादी ने आकर शोर मचाया, तो आरोपी भाग निकला। आसपास के लोग भी जुट गए और पुलिस को खबर की।

एसपी के मुताबिक, पुलिस ने जंगल में सर्च की। गांव से 150 मीटर दूर नाले के किनारे आरोपी का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। बच्चे को तामिया से इलाज के लिए छिंदवाड़ा ले जाया गया है। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल की जांच की है।

# कर्नाटक सेक्स स्कैंडल- प्रज्वल ने अग्रिम जमानत याचिका लगाई

## 31 मई को भारत लौटेगा, जर्मनी से बेंगलुरु की फ्लाइट बुक की, एसआईटी गिरफ्तार कर सकती है

बेंगलुरु। कर्नाटक सेक्स स्कैंडल के मुख्य आरोपी सांसद प्रज्वल रेवन्ना ने जर्मनी के म्यूनिख से बेंगलुरु के लिए फ्लाइट बुक कर ली है।

न्यूज एजेंसी के सूत्रों ने बुधवार को बताया कि वह गुरुवार को उड़ान भरेगा और 30- 31 मई की रात को बेंगलुरु पहुंच सकता है।

सूत्रों ने यह भी बताया कि स्कैंडल की जांच कर रही एसआईटी बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा एयरपोर्ट पर निगरानी रख रही है, ताकि उतरते ही प्रज्वल को गिरफ्तार किया जा सके।

उधर, प्रज्वल की ओर से सेशंस कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका लगाई गई है। प्रज्वल ने 27 मई को एक वीडियो जारी



कर कहा था कि वह 31 मई को जांच के लिए एसआईटी के सामने पेश होगा। उसने अपने खिलाफ लगे आरोपों को झूठा बताया था।

उसने कहा था- मुझे अदालत पर भरोसा है।

मुझे विश्वास है कि मैं अदालत के जरिए झूठे मामलों से बाहर आ जाऊंगा। प्रज्वल के खिलाफ 3 महिलाओं के उत्पीड़न के 3 मामले दर्ज हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रज्वल 26 अप्रैल को वोटिंग के बाद जर्मनी चला गया था। वह मौजूदा लोकसभा चुनाव के लिए भी हासन से जेडीएस का उम्मीदवार है।

### दादा देवगौड़ा ने भारत लौटने की चेतावनी दी थी

प्रज्वल का भारत लौटने का बयान वाला वीडियो पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा और उसके दादा की 23 मई को दी चेतावनी के 3 दिन बाद आया था। देवगौड़ा ने कहा था कि प्रज्वल भारत लौट आएं और जांच का सामना करें। इस मामले की जांच में हमारे परिवार की तरफ से कोई दखलअंदाजी नहीं की जाएगी। देवगौड़ा ने कहा था कि मैं प्रज्वल से रिक्वेस्ट नहीं, बल्कि उसे चेतावनी दे रहा हूं। अगर वह इस चेतावनी को नहीं मानता है तो उसे मेरा और पूरे परिवार का गुस्सा झेलना पड़ेगा। उस पर लगे आरोपों को कानून देखेगा, लेकिन अगर वह मेरी बात नहीं सुनेगा तो हम उसे अकेला छोड़ देंगे। अगर उसके मन में मेरे लिए इज्जत है तो उसे तुरंत लौट आना चाहिए।

### झारखंड में नक्सलियों ने कंटेनर गाड़ी के साथ-साथ एक व्यक्ति को जिंदा जलाया

रांची। झारखंड की राजधानी रांची से लगभग 60 किलोमीटर दूर स्थित मैकलुस्कीगंज-चामा रोड में नक्सलियों ने जमकर उत्पात मचाया है। इस घटना के बाद से इलाके में डर का माहौल बना हुआ है। आगजनी की घटना में नक्सलियों ने कंटेनर गाड़ी के साथ-साथ एक व्यक्ति को जिंदा जलाया है। मृतक व्यक्ति कुक का काम करता था। सूचना मिलने के बाद से ग्रामीण एसपी, खलारी थानेदार विजय सिंह, मैकलुस्कीगंज थानेदार सहित पुलिस बल मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर रहे है।

# सबसे ज्यादा गर्म दिल्ली, पारा 52.3

## मौसम विभाग ने कहा- रीडिंग में गलती हो सकती है, जांच होगी

नई दिल्ली। नौतपा के पांचवें दिन बुधवार को देश में सबसे ज्यादा गर्मी का रिकॉर्ड दिल्ली ने तोड़ दिया। मंगेशपुर में दोपहर का तापमान 52.3 डिग्री दर्ज किया गया। हालांकि, दिल्ली का मौसम विभाग का कहना है कि इसकी जांच की जाएगी। रीडिंग में गलती हो सकती है।

अर्थ साइंस मिनिस्टर किरेन रिजिजू ने कहा कि दिल्ली का तापमान 52.3 डिग्री सेल्सियस तक जाना संभव नहीं है। मौसम विभाग के हमारे अधिकारियों से इसकी जांच के लिए कहा गया है।



अफसर इस पर जल्द स्थिति साफ करेंगे। इस बीच दिल्ली में बारिश भी शुरू हो गई है।

दिल्ली में पानी की कमी के बीच केजरीवाल सरकार ने पाइप से कार धोने पर 2 हजार रुपए जुर्माना लगाने का निर्देश दिया है। 200 लोगों की टीम पानी की बर्बादी की मॉनिटरिंग करेगी। दिल्ली के बाद राजस्थान का चूरू शहर 50.5 डिग्री तापमान के साथ देश का दूसरा सबसे गर्म शहर रहा। राजस्थान में गर्मी से 23 से 29 मई तक 55 लोगों की मौत हो चुकी है। बिहार के भी कई जिलों में पारा 48 डिग्री के करीब पहुंच चुका है। भीषण गर्मी से यहां बुधवार को 8 जिलों में 80 बच्चे बेहोश हो गए। राज्य में दो दिन हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है।

**आग का तांडव**




पूर्वी दिल्ली के मधु विहार इलाके में प्राधिकरण द्वारा संचालित पार्किंग स्थल में आग से 17 कारें जलकर खाक हो गईं।

# केजरीवाल की अंतरिम जमानत बढ़ाने की याचिका नामंजूर

## सुप्रीम कोर्ट से 7 दिन की मोहलत मांगी थी, अब 2 जून को जेल जाना होगा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत 7 दिन बढ़ाने की याचिका लेने से मना कर दिया है। अब उन्हें 2 जून को तिहाड़ जेल वापस जाना पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- केजरीवाल को नियमित जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट जाने की छूट दी गई है, इसलिए याचिका स्वीकार नहीं की जा रही है।

केजरीवाल को 10 मई को जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की अदालत से अंतरिम जमानत मिली थी। उन्हें 2 जून को तिहाड़ जेल में सरेंडर





करने को कहा गया था।

दिल्ली की लोकल कोर्ट ने 28 मई को केजरीवाल के खिलाफ ईडी की सप्लिमेंट्री चार्जशीट पर संज्ञान लेने के अपने आदेश को 4 जून तक सुरक्षित रख लिया है। ईडी ने 17 मई को राउज एवेन्यू कोर्ट में 18वीं सप्लिमेंट्री चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें केजरीवाल और आप को आरोपी बनाया था।

### आप ने कहा था- केजरीवाल का कीटोन लेवल कम हुआ, ये गंभीर बीमारी का संकेत

आम आदमी पार्टी ने सोमवार को दलील दी थी कि गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल का वजन 7 किलो कम हो गया है और उनका कीटोन लेवल हाई है, जो किसी गंभीर बीमारी का संकेत हो सकता है। आप ने यह भी कहा था कि डॉक्टरों ने केजरीवाल को पॉजिट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी और कंप्यूटेड टोमोग्राफी स्कैन और कुछ दूसरे मेडिकल टेस्ट कराने की सलाह दी थी, जिसके कारण उन्होंने अपनी अंतरिम जमानत बढ़ाने की मांग की है। जेल में रहते हुए उनका शुगर लेवल भी लगातार चर्चा का विषय बना हुआ था। केजरीवाल और उनकी पार्टी ने यह दावा भी किया था कि उन्हें इंसुलिन नहीं दी जा रही है।



## हैप्पी मॉर्निंग

रोहन सर्दी में अपनी बिल्ली को ठंडे पानी से नहला रहा था। मोहन - ठण्डे पानी से मत नहला मर जाएगी

(जब मोहन घर वापिस आया तो बिल्ली मर गयी थी मोहन - मैंने बोला था ना बिल्ली मर जाएगी।

रोहन - अरे यार बिल्ली नहलाने से नहीं मरी बल्कि नहलाने के बाद निचोरने से मर गयी



## शायरी

हो सकता है ये पंचवर्षीय फुटबॉल मैच यही खत्म हो जाएं
और शासन चलाने का कोई नया फॉर्मूला हाथ लग जाएं।।

# मिजोरम में भारी बारिश-लैंडस्लाइड में अब तक 29 लोगो की मौत

## पत्थर की खदान ढहने से 14 लोगों की जान गई; नगालैंड-असम में 8 की मौत

आइजोल। पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश में रविवार (26 मई) को आए रेमल तूफान का असर मंगलवार (28 मई) को नॉर्थ-ईस्ट में दिखा। मिजोरम में लगातार बारिश और लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या बढ़कर 29 हो गई है।

इनमें 14 लोगों की मौत आइजोल में एक पत्थर की खदान ढहने से हुई। मरने वालों में दो बच्चे भी शामिल हैं। 7 लोग अब भी लापता हैं।

असम में भी तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हुई। अलग-अलग घटनाओं में एक महिला सहित 4 लोगों की मौत हो गई। 18 घायल हो गए।

नगालैंड में चार लोगों की मौत हो गई और 40 से ज्यादा घर तबाह हो गए। मेघालय में भारी बारिश के कारण दो लोगों की मौत हो गई और 500 से ज्यादा घायल हो गए।

### फोम फैक्ट्री में आग, 2 महिला कर्मचारियों की मौत

रायपुर। रायपुर के खमतराई थाना क्षेत्र स्थित गोंदवारा में एक गद्दे बनाने वाली फोम स्लीप प्रो कंपनी में भीषण आग लग गई। हादसे में दो महिला कर्मचारियों की मौत हो गई है। शाम 4 बजे जब आग लगी तब कंपनी में 7 कर्मचारी काम कर रहे थे। 5 पुरुष कर्मियों ने भागकर जान बचा ली। लेकिन 2 महिला कर्मी आग में फंस गई थीं। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने दोनों कर्मियों को बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# राजकोट अग्निकांड- गेम जोन के मालिक की भी जलकर मौत

राजकोट। गुजरात के राजकोट अग्निकांड हादसे में गेम जोन के एक मालिक प्रकाश हिरन (जैन) की भी मौत हो गई है। घटनास्थल पर मिले एक शव का डीएनए सैंपल अहमदाबाद में रहने वाली जैन की माता विमला देवी के डीएनए सैंपल से मैच हुआ है। मंगलवार को इस बात का खुलासा हुआ। प्रकाश हिरन मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले थे। वे पिछले 4-5 साल से राजकोट में रह रहे थे। उन्होंने 5 करोड़ के निवेश से बने गेम जोन में 3 करोड़ रुपए लगाए थे। यानी उनकी 60 प्रतिशत की हिस्सेदारी थी।

उधर, हादसे में नामजद 6 आरोपियों में से चौथे आरोपी धवल ठक्कर को गुजरात पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार किया है। हादसे के बाद वह फरार हो गया था और आबू रोड में छिपा था। इससे पहले 3 आरोपियों- युवराज सिंह सोलंकी, नितिन जैन और राहुल राठौर को गिरफ्तार किया गया था। राजकोट में शनिवार शाम 4.30 बजे टीआरपी गेम जोन में आग लगने से 12 बच्चों समेत 30 लोगों की मौत हुई थी।

## अर्थसार

संसेक्स:
74,502.90
-667.55 (0.89%)
निफ्टी:
22,704.70
-183.45



## मौसम



अधिकतम : 45 डिग्री से0
न्यूनतम : 31 डिग्री से
सूयोदय शुक्रवार : 5 : 25
सूर्यास्त गुरुवार : 7 : 19

**रेस्क्यू** — इनमें 31 लड़कियां; बंगाल-बिहार से लाकर बंधक बनाया, जानवर कटवाते थे

# गाजियाबाद में मीट फैक्ट्री से 57 बच्चों का रेस्क्यू किया गया

गाजियाबाद। गाजियाबाद में स्लॉटर हाउस से 57 नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू किया गया है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने पुलिस के साथ छापा मारा। रेस्क्यू किए गए बच्चों में 31 लड़कियां और 26 लड़के शामिल हैं। इन सभी से पशु काटने का काम कराया जा रहा था।

आयोग के चेयरमैन प्रियंक कानूनगो ने बताया, गाजियाबाद के मसूरी इलाके में इंटरनेशनल एग्रो फूड नाम से स्लॉटर हाउस है। पुख्ता इनपुट मिलने पर बुधवार को रेड डाली गई। 57 नाबालिगों को रेस्क्यू किया गया। स्लाटर हाउस का मालिक यासीन



कुरैशी है। यासीन के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### बच्चों की उम्र 18 साल से कम

गाजियाबाद पुलिस के एडीसीपी (क्राइम) सच्चिदानंद ने बताया, यहां पशुओं का मीट पैकिंग करने का काम किया जाता है। यहां से देश और विदेश के लिए पैकिंग कर मीट की सप्लाई की जाती है। रेस्क्यू किए गए बच्चे पश्चिम बंगाल और बिहार से लाए गए थे।

यहां इनसे गलत तरीके से काम लिया जा रहा था। बच्चे यहां मीट की पैकिंग और कटिंग का काम कर रहे थे। सभी 57 बच्चों की आयु 18 साल से कम है। इनमें कई नाबालिग ऐसे हैं, जिन्हें बंधक बनाकर चार-पांच साल से काम करा रहे थे।

### 300 रुपए दिहाड़ी पर काम करते थे बच्चे

चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के कार्यकर्ता करण सिंह ने बताया, इंटरनेशनल एग्रो फूड्स स्लॉटर हाउस में काफी समय से शिकायतें मिल रही थी। जिसके बाद कमेटी ने स्थानीय पुलिस को साथ लेकर छापा मारा। सभी बच्चे 300 रुपए की दिहाड़ी पर काम कर रहे थे। करण सिंह ने बताया- कंपनी के स्लॉटर हाउस के मालिक पर मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। मसूरी थाना प्रभारी ने बताया कि चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की तरफ से शिकायत दी गई है। मामले में स्न्द्धक्र दर्ज की गई है। फिलहाल बच्चों के नाम और पते पूछकर उनके घर पहुंचाया जा रहा है। मसूरी थाना प्रभारी ने बताया- बच्चों से पूछताछ में पता चला है कि उन्हें 10-15 हजार रुपए नौकरी का लालच देकर बिहार, पश्चिम बंगाल, यूपी के मुरादाबाद-बरेली से यहां पर लाया गया था। सभी से पशुओं को काटने का काम कराया जा रहा था। लड़कियों से मीट पैकिंग का काम कराते थे।

# शरजील इमाम को दिल्ली हाईकोर्ट से जमानत


**एजेंसी**

नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार 29 मई को जेएनयू के पूर्व छात्र और स्टूडेंट एक्टिविस्ट शरजील इमाम को 2020 के सांप्रदायिक दंगों से जुड़े राजद्रोह मामले में जमानत दे दी। शरजील को जनवरी 2020 में दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वो तब से जेल में बंद है।

ट्रायल कोर्ट ने 17 फरवरी को शरजील को वैधानिक जमानत देने से इनकार कर दिया था, जिसके खिलाफ वह हाई कोर्ट पहुंचा था। शरजील ने अपनी याचिका में कहा कि गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम की धारा 13 के तहत दोषी पाए जाने पर अधिकतम सजा 7 साल है।

शरजील ने कहा कि वह पिछले चार साल से हिरासत में है और सात साल की सजा में से आधी सजा काट चुका है, इसलिए उसे वैधानिक जमानत मिलनी चाहिए। इसके बाद हाई कोर्ट के जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस मनोज जैन की बेंच ने उसे जमानत दे दी। हालांकि, शरजील जमानत के बावजूद यूएपीए आरोपों से जुड़े मामले में जेल में ही रहेगा। शरजील दिल्ली दंगों से जुड़े कई मामलों में आरोपी है, जिसमें हिंसा के पीछे बड़ी साजिश रचने का मामला भी शामिल है।

# संपादकीय



## बिकी हुई क़लम और बिका हुआ मीडिया , लोकतंत्र के लिए एक घातक खतरा

**सच की ताकत जब बिक जाए पैसे के हाथ,**
**तो लोकतंत्र का भविष्य अंधकारमय हो जाता है।**



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

लोकतंत्र की नींव स्वतंत्र और निष्पक्ष मीडिया पर टिकी होती है। मीडिया का काम है जनता को सच्चाई से अवगत कराना, सरकार की नीतियों और कार्यों पर नजर रखना, और जनता की आवाज़ को बुलंद करना। लेकिन जब मीडिया खुद बिक जाए और अपनी क़लम को सत्ता या पैसे के प्रभाव में झुका दे, तब यह लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा बन जाता है।

### बिकी हुई क़लम और बिका हुआ मीडिया : क्या मतलब है?

बिकी हुई क़लम का मतलब है, जब पत्रकार और लेखक अपने लेखन में सच्चाई की बजाय पैसे या सत्ता के प्रभाव में आकर झूठ या प्रोपेगैंडा फैलाने लगते हैं। वहीं, बिका हुआ मीडिया वह होता है जो स्वतंत्र और निष्पक्ष खबरों की बजाय सत्ता के हाथों की कठपुतली बन जाता है।

### लोकतंत्र पर प्रभाव

#### 1. सच का गला घोंटना

जब मीडिया बिक जाता है, तो सच्चाई को दबा दिया जाता है। जनता को सही जानकारी नहीं मिल पाती और वे भ्रमित रहते हैं। इससे सत्ता को मनमाने फैसले लेने की छूट मिल जाती है।

#### 2. जनता का अविश्वास

जब मीडिया पर जनता का विश्वास उठ जाता है, तो वे अपनी समस्याओं और मुद्दों के समाधान के लिए अन्य मार्ग अपनाने लगते हैं। यह अविश्वास लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करता है।

#### 3. विरोध की आवाज़ को दबाना

बिका हुआ मीडिया सत्ता के विरोध की आवाज़ को दबाने में मदद करता है। इससे लोकतंत्र का संतुलन बिगड़ जाता है और सत्ता निरंकुश हो जाती है।

### उदाहरण

#### 1. इमरजेंसी का दौर (1975-77)

भारत में इमरजेंसी के दौरान मीडिया पर सेंसरशिप लगाई गई थी। कई बड़े अखबार और पत्रकार सरकार के दबाव में आ गए थे और सच को जनता तक नहीं पहुंचा सके। इसका परिणाम यह हुआ कि जनता को सरकार की ज्यादतियों की सही जानकारी नहीं मिल पाई और लोकतंत्र खतरे में पड़ गया।

#### 2. वॉटरगेट स्कैंडल (1972)

अमेरिका में वॉटरगेट स्कैंडल का खुलासा एक स्वतंत्र और निष्पक्ष मीडिया ने किया था। यदि मीडिया बिक जाता, तो शायद यह स्कैंडल कभी उजागर नहीं हो पाता और लोकतंत्र के प्रति जनता का विश्वास कम हो जाता।

#### 3. हालिया उदाहरण

हाल के वर्षों में कई देशों में मीडिया पर सरकार या बड़े कॉर्पोरेट घरानों का नियंत्रण बढ़ गया है। इससे निष्पक्ष खबरों का अभाव हो गया है और जनता को एकतरफा जानकारी मिलती है, जो लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है।

### समाधान

#### 1. मीडिया की स्वतंत्रता का संरक्षण

सरकार और न्यायपालिका को सुनिश्चित करना चाहिए कि मीडिया स्वतंत्र और निष्पक्ष रहे। इसके लिए कड़े कानून और नीतियों की जरूरत है।

#### 2. जनता की जागरूकता

जनता को भी जागरूक रहना होगा और निष्पक्ष और स्वतंत्र मीडिया का समर्थन करना होगा। उन्हें ऐसे मीडिया हाउस और पत्रकारों का बहिष्कार करना चाहिए जो बिक चुके हैं।

#### 3. पारदर्शिता

मीडिया हाउस और पत्रकारों को अपने वित्तीय स्रोतों और कामकाज में पारदर्शिता रखनी चाहिए, ताकि जनता को पता चल सके कि वे किनके प्रभाव में काम कर रहे हैं।

### निष्कर्ष

बिकी हुई क़लम और बिका हुआ मीडिया लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं। यह न केवल सच्चाई को दबाता है, बल्कि जनता के विश्वास को भी तोड़ता है। एक स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष मीडिया का होना आवश्यक है।

जब तक सच की आवाज़ बुलंद है, लोकतंत्र की नींव मजबूत रहेगी।

सच का साथ देकर ही हम एक सशक्त और प्रगतिशील समाज का निर्माण कर सकते हैं।

एक आह्वान जनता के लिए, कि वे अपने अधिकारों और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सजग रहें और निष्पक्ष मीडिया का समर्थन करें। केवल तभी हम एक सशक्त और सच्चे लोकतंत्र की ओर बढ़ सकते हैं।




## नये एवं विकसित भारत की बड़ी बाधा है भ्रष्टाचार

- ललित गर्ग -



लोकसभा के सातवें चरण के चुनाव होने शेष रहे हैं, सबकी नजरें चुनाव परिणामों पर लगी है। ये चुनाव परिणाम ही तय करेंगे कि नये भारत, विकसित भारत एवं समृद्ध भारत की तस्वीर क्या करवट लेगी। भ्रष्टाचार एवं उससे उपजे हादसों ने चुनाव के दौरान ही ऐसे वीभत्स दृश्य उपस्थित किये, जो चुनावी मुद्दा न बनना एवं राजनेताओं के बीच इनकी चर्चा न होना, दुर्भाग्यपूर्ण तो है ही, लेकिन उससे ज्यादा चिन्ताजनक यह है कि हमारी राजनीति अभी भी विकसित भारत के सपने को आकार देने के लिये तैयार नहीं दिख रही है। पुणे पोर्शे कार एक्सीडेंट ने भ्रष्टाचार की इतने परतें खोली दी है कि उसमें न्यायालय, पुलिस, राजनेता, डाक्टर सभी अपना जमीर बेचते हुए दिखाई दिये हैं। इसी तरह राजकोट एवं दिल्ली की अग्निकांडों ने प्रशासन एवं व्यवसाय में पसरे भ्रष्टाचार की काली परतों को उजागर किया है। इस तरह अस्पताल हो चाहे होटल, गेम जोन या मॉल, सुरक्षा इंतजामों, प्रशासनिक जिम्मेदारी एवं ईमानदारी की खुलकर धज्जियां उड़ती रहेगी या पुणे की तरह अब बिकते रहेंगे तो विकसित भारत का सपना कैसे आकार लेगा?

छह सौ करोड़ी पिता ने अपने बेटे के अपराध पर पर्दा डालने एवं उसे बचाने के लिये किसको नहीं खरीदा। कैसे जनता की रक्षा होगी एवं उसे न्याय मिलेगा, जब सब बिकने के लिये तैयार बैठे हैं। बेबी केयर अस्पताल हो या राजकोट का गेम जोन का हादसा- किसी की जान की कीमत कागज के चंद टुकड़े कैसे हो सकती है? न्यायालय भी ऐसे मामलों में संज्ञान लेकर शुरुआत तो करता है, लेकिन यह शुरुआत अंजाम तक नहीं पहुंच पाती। हादसे की आंच ठंडी पड़ी नहीं कि मिलीभगत का खेल फिर शुरू हो जाता है। संबंधित अधिकारी भी आंख मूंदकर सो जाते हैं और फिर किसी हादसे के बाद ही उनकी कुंभकरणी नींद खुलती है। इन ज्वलंत एवं भ्रष्ट हालातों में कैसे भारत की तकदीर एवं तस्वीर बदलेगी? भ्रष्टाचार और घोटालों के इस घटाटोप मौसम में ऐसा कुछ भी कह पाना मुश्किल हो गया है, जो भारत या इसके लोगों की जिंदगी पर उजली रोशनी डालता हो। भारत अपनी दुश्वारियों में लस्त-पस्त उस मध्ययुगीन योद्धा की तरह दिखता है, जो चुनावी जंग के मैदान में आहें भर रहा है। कोई नहीं जानता, किसके दामन में कितने दाग हैं? कोई नहीं जिस पर यकीन किया जा सके, धरती का कोई कोना नहीं, जिसके नीचे दबा कोई घोटाला खुदाई का इंतजार न कर रहा हो। लेकिन यही चुनाव, हादसों एवं भ्रष्टता के मौके होते हैं, जब किसी देश के सच्चे चरित्र का पता चलता है। आगे-पीछे चुनावों के तहत तथाकथित नेता द्वारा हजारों जुमलों में किसी समाज व्यवस्था को बहलाया जा सकता है, लेकिन बुरे वक्त में नहीं। भारत के चरित्र को परखने का सही समय चुनाव है या ऐसे वीभत्स हादसें एवं भ्रष्टता की अंधी गलियां।

भारत दुनिया का गुरु बनने एवं तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, दुनिया भारत के आध्यात्मिक अनुभवों से मोहित है और यह एक पक्की बात है कि धर्म को लेकर जैसा काम भारत में हुआ, वैसा कहीं नहीं हुआ और पिछले दशक में उसे और जीवंतता मिली। लेकिन यह एकांगी महानता है, क्योंकि दुनिया में तरक्की के पैमाने भौतिक हैं और उस मामले में भारत की ताकत सदियों पहले खत्म हो गई थी, अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अध्यात्म के साथ उसी भौतिक ताकत को बढ़ा रहे हैं। जहां तक ईमानदारी, निष्ठा और सत्य जैसे मूल्यों का सवाल है, वे कितने हमारी जिंदगी में हैं इसका पता करप्शन के आंकड़ों एवं बार-बार होने वाले हादसों से लग जाता है।


हाल के बरसों में जानकारों और मीडिया ने यह बात फैला दी है कि भारतीय इसलिए दुनिया में अनूठे हैं कि वे कुछ भी कर सकते हैं। लेकिन हमारे देश में ऐसे राजनेता हैं जो दुश्मन देशों की तरफदारी करते हुए लोगों के दिलों को जीतने की जुगाड़ में लगे हैं। ऐसे भी राजनेता है जो भ्रष्टाचार मुक्ति का नारा देते हुए कहते है कि आप हमें वोट देंगे तो हमारा जेल जाना रूक सकता है। यानी खुले आम अपने भ्रष्टाचार एवं घोटालों में भी जन-समर्थन मांग रहे हैं। स्मार्टनेस की इस दुहाई के चलते एक मामूली-से दिखने वाले व्यक्ति ने अब सिलेब्रिटी स्टेटस एवं सफल राजनेता होने की गरिमा को हासिल कर लिया है, और वह है जुगाड़ एवं जनता को गुमराह करने की कला। मैसेज यह है कि जरूरत पड़ने पर हमारे राजनेता किसी भी तरह काम निकाल लेते हैं। अब इस सोच का क्या किया जाए?

बात नये भारत एवं विकसित भारत की है, अपने देश में हर तरह के नियम-कानून है, पर उनके उल्लंघन की जैसी सुविधा यहां है, वैसी शायद ही अन्य कहीं हो। पुणे, राजकोट और दिल्ली के मामले इकलौते ऐसे प्रकरण नहीं, जिनमें सरकारी तंत्र को जवाबदेही से दूर रखने की कोशिश की गई हो। इस तरह के मामले रह-रहकर होते ही रहते हैं और उनमें बड़ी संख्या में लोग जान गंवाते हैं अथवा घायल होते हैं, लेकिन नियामक तंत्र के उन लोगों को कभी भी कठघरे में नहीं खड़ा किया जाता, जिनकी अनदेखी और लापरवाही के चलते जानलेवा घटनाएं होती रहती हैं। इसका उदाहरण है मुंबई में एक विशालकाय होर्डिंग गिरने से कई लोगों की मौत। यह विशालकाय होर्डिंग अवैध रूप से था, लेकिन किसी को 'नजर' नहीं आ रहा था। जब यह गिर गया और उसमें कई लोगों की जान चली गई तो सरकारी तंत्र ने उससे अपना पल्ला झाड़ लिया। होर्डिंग लगवाने वाला तो गिरफ्तार हो गया, इसी तरह गेम जोन एवं बेबी केयर अस्पताल के मालिक भी सलाखों के पीछे आ गये, लेकिन नगर निकाय एवं सरकार के किसी अधिकारी-कर्मचारी को गिरफ्तार करने की आवश्यकता नहीं समझी गई। कोई नहीं जानता कि क्यों? दिल्ली के ग्यारह सौ से अधिक अस्पतालों में मात्र 190 के पास एनओसी है, यह प्रशासन तले अंधेरा नहीं तो क्या है? भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र एवं एक बड़ी आबादी वाला देश है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि सरकारी तंत्र की लापरवाही एवं भ्रष्टता से रह-रहकर हादसे होते रहें और उनमें बड़ी संख्या में लोग मरते रहें। दुर्भाग्य से अपने देश में यही हो रहा है। जब कोई बड़ी घटना घट जाती है और उसमें अधिक संख्या में लोग मारे जाते हैं तो शोक संवेदनाओं का तांता लग जाता है और तत्काल कार्रवाई करने के नाम पर उच्चस्तरीय जांच के आदेश दे दिए जाते हैं, लेकिन कुछ समय बाद उन्हीं कारणों से वैसी ही घटना फिर सामने आती है, जैसी पहले हो चुकी होती है, इसका मतलब प्रशासन अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह ठीक से नहीं कर रहा है और व्यवसायी प्रशासन की इन्हीं कमजोरियों का फायदा उठाते हुए मौत के सौदागर बने रहते हैं। यही कारण है कि न तो हादसे कम हो रहे हैं और न ही उनमें जान गंवाने वालों की संख्या में कमी आ रही है। हादसे दुनिया में हर कहीं होते हैं, लेकिन विकसित और विकासशील देश कम से कम उनसे सबक लेते हैं और ऐसी व्यवस्था करते हैं, जिससे बार-बार एक जैसे कारणों से हादसे न हों।

लोकतंत्र एक पवित्र प्रणाली है। पवित्रता ही इसकी ताकत है। इसे पवित्रता से चलाना पड़ता है। अपवित्रता से यह कमजोर हो जाती है। ठीक इसी प्रकार अपराध के पैर कमजोर होते हैं। पर अच्छे आदमी की चुप्पी उसके पैर बन जाती है। अपराध, भ्रष्टाचार अंधेरे में दौड़ते हैं। रोशनी में लड़खड़ाकर गिर जाते हैं। हमें रोशनी बनना होगा और रोशनी भ्रष्टता एवं घोटालों से प्राप्त नहीं होती। भारत में कोई सबक सीखने को तैयार नहीं है, और यही कारण है कि विकसित देश बनने के संकल्प को साकार करना कहीं अधिक कठिन दिख रहा है। अपने देश में हर तरह के नियम-कानून हैं, राजनेताओं के बड़े-बड़े संकल्प भी है, लेकिन उनके उल्लंघन की जैसी सुविधा यहां है, वैसी शायद ही किसी विकासशील और विकसित राष्ट्र का स्वप्न देखने वाले देश में हो। भारत में लोग किस कदर कदम-कदम पर नियम-कानूनों का धडल्ले के साथ उल्लंघन करते हैं और सरकारी तंत्र में बैठे लोग उनकी मदद करने या फिर उनके अपराध को ढकने के लिए तैयार रहते हैं, इसका शर्मनाक एवं दर्दनाक उदाहरण पुणे का कार हादसा भी है। आज यह स्वीकारते कठिनाई हो रही है कि देश की कानून एवं व्यवस्था को सम्भालने वाले सभी हाथ दागदार हो गए हैं। इस मन:स्थिति के पीछे अलग-अलग कारण हो सकते हैं। दिन-प्रतिदिन जो सुनने और देखने में आ रहा है, वह पूर्ण असत्य भी नहीं है। पर हां, यह किसी ने भी नहीं सोचा कि जो हाथ प्रशासन, कानून एवं सुरक्षा की बागडोर सम्भाले हुए थे, क्या वे सब बागडोर छोड़कर अपनी जेब सम्भाल लेंगे?


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3197




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

### काकुरो - 3196 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

गीता (अपने प्रेमी से)- रमन देखो! सामने खिड़की में जो तोता-मैना बैठे हैं, दोनों रोजाना यहाँ आते हैं। साथ-साथ बैठते हैं, प्यार भरी मीठी-मीठी बाते? करते हैं और चहचहाते रहते हैं और एक हम हैं कि हमेशा लड़ाई-झगड़ा करते ही रहते हैं।

प्रेमी (प्रेमिका से)- हाँ सही है! लेकिन तुमने उनकी एक खास बात पर ध्यान नहीं दिया, देखो यहाँ बैठने वाले जोड़े में से रोजाना तोता तो वही होता है, पर मैना रोज नई-नई होती है।

□ □ □

एक बार एक कार्यस्थल पर तीन छोटे-छोटे बंदर उधम मचाते हुए अंदर घुस गए। उनके गले में तीन तख्तियाँ टंगी हुई थी, जिनमें लिखा हुआ था, बुरा देखो, बुरा सुनो और बुरा बोलो। वहाँ बैठे एडिटर साहब गाँधीजी के तीन वाक्यों का अनादर होते देख उबल पड़े और बोले- ये वाक्य उल्टे कैसे हो गए?

तभी एक शरारती बंदर बोला- आप जानते नहीं अब हम भी एडिटर हो गए है।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3197



**ऊपर से नीचे:-**

१. दिलीप कुमार, वैजयंती की फिल्म-४
२. 'मेरो गाम काथा पारे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'सरकी चुनरिया रे' गीत वाली फिल्म-२
४. डिनो मारिया, बिपाशा बसु की 'रूठ कर हम उन्हें भूल जाने लगे' गीत वाली फिल्म-३
५. फिल्म 'आज का अर्जुन' में 'लक्ष्मी' की भूमिका किस अभिनेत्री ने की थी-३
७. राजेंद्र कुमार, माला सिन्हा की फिल्म-२
९. 'मेरे चेहरे पे' गीत वाली फिल्म-३
११. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-३
१२. अमोल, राखी की 'जो राह चुनी तूने राही' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'कभी खुशियों की सरगम' गीत वाली अमिताभ, अरबाज, डिम्पल की फिल्म-४
१६. वी. शांताराम की प्रेमकुमार, मास्टर सुशांत, रंजना, गौरी कामथ अभिनीत फिल्म-२
१७. 'प्यार कर इकरार कर' गीत वाली बॉबी देओल, अक्षय, अमीषा की फिल्म-४
१८. अक्षय कमार, प्रीति जिंटा की फिल्म-३
१९. 'लल्ला लल्ला लोरी दूध की' गीत वाली फिल्म-२
२०. फिल्म 'गॉड मदर' में शीर्षक भूमिका किसने निभाई है-३
२३. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२
२५. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की फिल्म-३
२६. 'जिन्हें हम भूलना चाहें वो अक्सर याद आते हैं' गीत वाली फिल्म-३
२८. मनोज वाजपेई, उर्मिला मातोंडकर अभिनीत रामगोपाल वर्मा की एक सस्पेंस फिल्म-३
३०. 'माई हार्ट इज बीटिंग गीत वाली फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. संजीव कुमार, वहीदा रहमान की 'ऐ मेरी आँखों के पहले सपने' गीत वाली फिल्म-२,३
४. 'चलो एक बार फिर से अजनबी बन जायें' गीत वाली फिल्म-४
६. ऋषि, श्रीदेवी की 'भूली बिसरी प्रेम कहानी' गीत वाली फिल्म-३
८. 'टपका रे टपका' गीत वाली फिल्म-४
१०. जीतेंद्र, आदित्य, संगीता की १९९३ की एक फिल्म-५
१३. ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
१४. 'किसी को किसी' गीत वाली राजेश खन्ना, स्मिता की फिल्म-३
१६. शाहरूख, पूजा भट्ट, रम्या की फिल्म-३
१९. विवाह से पूर्व टीना अंबानी का सरनेम क्या था-३
२१. अमोल, जरीना की 'दो दीवाने शहर में' गीत वाली फिल्म-३
२२. 'सरकाय लेओ' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-२,२
२४. अनिल कपूर, अक्षय खन्ना, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२६. 'वो कागज की कश्ती' गीत वाली कुमार गौरव, अनामिका की फिल्म-२
२७. संजय दत्त, कुमार गौरव, पूनम की 'तेरे दिल की तू' गीतवाली फिल्म-२
२९. 'मैं लव तुम से' गीत वाली तुषार कपूर, अंतरा माली की फिल्म-३
३१. सुनील दत्त, नूतन की 'बड़ी देर भई नंदलाला तेरी राह तके ब्रजबाला' गीत वाली फिल्म-४
३२. 'दिल हूम हूम करे' गीत वाली राज बब्बर, राखी, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-३
३३. धर्मेंद्र, हेमा मालिनी की 'ओ ऐसी कोई बात' गीत वाली फिल्म-१

### फिल्म वर्ग पहेली- 3196



## सूडोकु -3197


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3196 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## शब्द पहेली - 3197



**बाएँ से दाएँ**

1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**

1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

### शब्द पहेली - 3196 का हल



# नोएडा प्राधिकरण का 12 बिल्डरों पर एक्शन की तैयारी

## 1696 करोड़ वसूलने के लिए साइट पर लगे नोटिस बोर्ड

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण में 27 बिल्डर में से 12 बिल्डरों पर प्राधिकरण ने एक्शन लेना शुरू कर दिया है। इन बिल्डरों के साइट पर सार्वजनिक सूचना बोर्ड लगाया गया। लिखा-परियोजना से संबंधित समस्त कार्यवाही और अनुमतियों पर रोक लगा दी गई है। प्राधिकरण द्वारा उक्त भूखंड की परियोजना के अनावंटित फ्लैट को अटैच एवं लीज डीड कभी भी निरस्त की जा सकती है।

अब तक 6 से अधिक साइट पर नोटिस बोर्ड को लगाया गया। प्राधिकरण ने बताया कि आचार संहिता हटते ही इन पर एक्शन होगा। इन परियोजना में खाली फ्लैट, प्लाट, दुकान धरोहर राशि का सर्वे पहले किया जा चुका है। बोर्ड पर लिखे नोटिस के




अनुसार इनकी संपत्तियों को कभी भी अटैच किया जा सकता है। इस पर समय और तारीख नहीं दी गई है।

प्राधिकरण ने बताया कि ये वो 12 बिल्डर है। जिन्होंने अमिताभ कांत की सिफारिश के तहत न तो सहमति दी और न ही ये प्राधिकरण की ओर से आयोजित बैठक का हिस्सा बने। इन पर करीब 1696 करोड़ से ज्यादा का बकाया है। आकड़ों को देखें तो नोएडा में अमिताभ कांत की सिफारिश के तहत 57 में से 22 बिल्डरों ने 25 प्रतिशत धनराशि रुपए 173.77 करोड़ जमा करा दिए है। इन 22 बिल्डरों से नोएडा प्राधिकरण को लगभग रुपए 450 करोड़ मिलेगा।

### 12 बिल्डर जिनकी साइट पर लगाए जा रहे नोटिस

इन 12 बिल्डरों को प्राधिकरण की ओर से नोटिस जारी किया गया। इसका जवाब भी अब तक नहीं दिया गया। ऐसे में इनकी प्रॉपर्टी का सर्वे कराया गया। ताकि इनको सील कर प्राधिकरण बकाया निकाले और रजिस्ट्री खोली जा सके।

प्राधिकरण एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने बताया- इन बिल्डरों की जो भी खाली इंवेंट्री प्रॉपर्टी है उसको सील किया जाएगा। ताकि बकाया मिल सके और रजिस्ट्री शुरू हो सके।

### इन बिल्डर साइट पर लगाए जा रहे नोटिस बोर्ड

टीबी इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड इन पर 55.27 करोड़

एमपीजी रियेल्टी प्राइवेट लिमिटेड 38.92 करोड़

एजीसी रिएल्टी प्राइवेट लिमिटेड 20.80 करोड़

सिविटेक डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड 8.77 करोड़

मनीषा किबी प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड 0.47 करोड़

आईवीआर प्राइम 659.92 करोड़

एसोटेक लिमिटेड 267.80 करोड़

एसोटेक कांट्रैक्टस लिमिटेड 189.88 करोड़

आर जी रेजिडेंस प्राइवेट लिमिटेड 170.10 करोड़

गार्डेनिया इंडिया प्राइवेट लिमिटेड 111.84 करोड़

फ्यूटेक शेल्टर प्राइवेट लिमिटेड 114.71 करोड़

एवीपी बिल्डटैक प्राइवेट लिमिटेड 58.38 करोड़

## कार की टक्कर से ई-रिक्शा चालक ने दम तोड़ा

नोएडा। सेक्टर-104 रेडलाइट के पास कार ने ई-रिक्शा चालक को टक्कर मार दी। राहगीर घायल को अस्पताल लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। मृतक के बेटे ने सेक्टर-39 थाने में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया है।बरौला गांव निवासी सूरज बासु ने पुलिस को बताया कि उसके पिता संजय बासू अपना ई-रिक्शा लेकर सेक्टर-104 रेडलाइट पर पहुंचे तो अज्ञात कार चालक ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में संजय गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको अस्पताल पहुंचाने के बजाय आरोपी चालक कार समेत भाग गया।

# प्राधिकरण श्रमिकों के काम की टाइमिंग में बदलाव

**सिविल , जल , उद्यान और विद्युत विभाग के कर्मी सुबह 10 से शाम 4 बजे तक धूप में नहीं निकलेंगे**

एजेंसी

नोएडा। भीषण गर्मी को देखते हुए नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारियों के समय में बदलाव किया गया है। सिविल , जल , उद्यान और विद्युत विभाग के विकास और अनुरक्षण कार्य में शामिल कर्मचारी सुबह 10 से शाम 4 बजे तक धूप में काम नहीं करेंगे।

इनकी ड्यूटी टाइमिंग सुबह 6 से सुबह 10 बजे तक और शाम को 4 से रात 8 बजे तक की होगी। इसी तरह जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों की डयूटी सुबह 6 से दोपहर 12 तक ही होगी। ये टाइमिंग जब तक मौसम और तापमान में बदलाव नहीं होता तब तक जारी रहेगी।

वहीं नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में काम करने वाले बिल्डर साइट के श्रमिक और लेबर भी सुबह 6 से दोपहर 12 बजे तक ही काम करेंगे। प्राधिकरण सीईओ ने बताया कि गर्मी को देखते हुए ये निर्णय लिया गया है। इसके अलावा 60 व्यक्तियों के लिए सेक्टर-21ए नोएडा स्टेडियम में एक रेन बसेरा भी बनाया जा रहा है।

जिसका काम 30 मई तक पूरा कर लिया जाएगा। जिसमें आराम करने के साथ पेय जल और वाटर कूलर का इंतजाम किया जा रहा है। वहीं सभी चौराहों की लाल बत्ती पर दो पहिया वाहनों के धूप से बचने के लिए यहां ग्रीन नेट लगाए जा रहे है। ताकि उनका धूप से सीधे बचाया जा सके।

# सीडीआर खोलेगा आईआरएस के और लड़कियों से संबंध

## पुलिस हत्या की जगह सुसाइड के लिए उकसाने की धारा लगाएगी; डेटिंग ऐप से मिली थी शिल्पा

नोएडा। डिप्टी मैनेजर शिल्पा गौतम सुसाइड केस में पुलिस अब आईआरएस सौरभ मीणा की फोन डिटेल खंगाल रही है। जांच में ये बात भी सामने आई कि आईआरएस ने सिर्फ शिल्पा को धोखे में नहीं रखा था। बल्कि उसके और भी लड़कियों के साथ संबंध थे।

वहीं, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में शिल्पा की मौत दम घुटने से हुई थी। मौत का कारण हैगिंग था। ऐसे में पुलिस अब हत्या की धारा की जगह आत्महत्या के लिए उकसाने वाली धारा लगाएगी। इसके संकेत नोएडा जोन के पुलिस अधिकारियों ने दिए हैं।

### फोन को जांच के लिए लैब भेजने की तैयारी

पुलिस ने शिल्पा व गिरफ्तार हुए आईआरएस अधिकारी सौरभ मीणा के मोबाइल फोन जांच के लिए फॉरेंसिंक लैब भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। सौरभ की सीडीआर की



जांच में पता चला कि सौरभ के कई अन्य महिलाओं से भी संबंध थे, जिसकी जानकारी शिल्पा को भी थी।

जांच में पता चला कि सौरभ मूडी किस्म का व्यक्ति था। जो कभी शिल्पा को बेहद प्यार करता, तो अचानक उससे संबंध तोड़ कर कई माह तक मिलता जुलता नहीं था।

### 25 मई को मिली थी लाश

25 मई को नोएडा में सेक्टर-100 के लोटस बुलेवर्ड सोसाइटी में आईआरएस अफसर सौरभ मीणा के फ्लैट में शिल्पा (37) की डेडबॉडी लटकी मिली थी। जब काफी देर तक शिल्पा ने दरवाजा नहीं खोला, तो सौरभ ने सिक्योरिटी को फोन कर फ्लैट पर बुलाया।

सिक्योरिटी ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर शव पंखे से लटक रहा था। शिल्पा के पिता ओपी गौतम ने आईआरएस सौरभ मीणा पर मारकर लटकाने का आरोप लगाया। पुलिस ने केस दर्ज कर रविवार को उसे गिरफ्तार कर लिया।

### ये पाइंट जिन पर रहेगी पुलिस की निगाह

आईआरएस के कितनी लड़कियों से संबंध थे।

शिल्पा के साथ कितने घंटे बातचीत होती थी। रोजाना बात होती थी या फिर कभी कभार।

फोन में वॉट्सऐप चेट और फोटो वीडियो को रिकवर भी कराया जाएगा, जिससे काफी साक्ष्य मिलेंगे।

दोनों के बीच तीन साल से संबंध थे फिर अचानक ऐसा क्या हुआ कि इतना बड़ा कदम उठाया।

### डॉक्टरों के बयान पर धारा होंगी चेंज

सोसाइटी के सुपरवाइजर, गार्ड का बयान, फॉरेंसिंक जांच और पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टरों के बयान के आधार पर केस हत्या के बजाय आत्महत्या के लिए प्रेरित किए जाने की धारा में तब्दील हो सकता है।

क्योंकि, सोसाइटी के सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर ने ही ड्यूटी अधिकारी की सूचना पर फ्लैट में पहुंच कर उस कमरे के दरवाजे को खोलने का प्रयास किया था। फिर दरवाजा की सिटकनी तोड़ कर अंदर प्रवेश किया था। जहां पंखे से शिल्पा का शव लटका हुआ था। इस कमरे के अंदर जाने का वह दरवाजा ही एक मात्र रास्ता था। जो अंदर से बंद मिला था। ऐसे में आईआरएस अधिकारी द्वारा हत्या करना और शिल्पा के शव को लटकाने से संबंधित साक्ष्य नहीं है।

# नोएडा में तापमान 46 डिग्री

## जिला प्रशासन ने 48 घंटे का जारी किया रेड अलर्ट, बिजली कटौती से लोग परेशान

नोएडा। नोएडा में 31 मई तक तेज गर्मी के साथ तीव्र लू चलेगी। अधिकतम तापमान 46 डिग्री तक जाएगा। न्यूनतम तापमान 31 डिग्री तक रहेगा। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। जिला प्रशासन की ओर से आगामी 48 घंटों का अलर्ट जारी करते हुए एडवाइजरी जारी की है। वहीं नोएडा में चौ राहों के अलावा सड़क के किनारे ऐसे स्थान पर जहां पर यात्रियों का ठहराव होता है टैंट और पानी की व्यवस्था की गई है। ताकि लोग सीधे धूप की चपेट नहीं आए।

आईएमडी के मुताबिक मौसम साफ रहेगा। हवा की रफ्तार 3 से 5 किमी प्रतिघंटा रहेगी। ऐसे में हीट ज्यादा होगी। लोग सावधानी बरते। रिपोर्ट के मुताबिक चार दिन अधिकतम तापमान 46 डिग्री रहेगा। इससे लोगों को तेज गर्मी का एहसास होगा। 31 मई के बाद अधिकतम तापमान में 3 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जाएगी। हालांकि बादल और बारिश के आसार नहीं है।



### लोकल फाल्ट से बढ़ रही परेशानी

सेक्टर-71 में एलटी लाइन में फॉल्ट की वजह से तीन घंटे तक बत्ती गुल रही। बिना बिजली के गर्मी में उपभोक्ता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सेक्टर-104 हाजीपुर गांव के बिजली ट्रांसफॉर्मर पर तकनीकी खामियां की वजह से बिजली आती और जाती रही। ऐसे में भीषण गर्मी में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

सेक्टर-44 छलेरा गांव में भी एचटी लाइन में शार्ट सर्किट से केबल में फॉल्ट हो गया, जिससे ठीक करने में कई घंटे का समय लग गया। इसके अलावा लोकल फाल्ट और ओवर लोड ट्रांसफॉर्मर की वजह से सेक्टर-11, 12, 15, 19, 20, 21, 22, 25, 26, 27, 30, 31, 33, 34, 36, 37, 40, 41, 45, 46, 47, 48, 49, 50, 51, 52, 53, 55, 56, 62, 99, 100, 104, 105, 108, 122 व सेक्टर-135 में लोगों को कटौती झेलनी पड़ रही है।

### इन चौराहे पर मिलेगी राहत

नोएडा के एनएसईजेड के अलावा ग्रेटरनोएडा के परी चौक और आसपास के एरिया में यात्रियों के लिए टैंट लगाए गए है। ताकि लोगों को धूप से परेशानी न हो। इसके अलावा यहां चौ राहों पर ग्रीन शीट लगाई गई है। जिससे दो पहिया वाहन चालक सीधे धूप के संपर्क में न आए। वहीं सेक्टर-49 लेबर चौक पर शैल्टर और ठंडा पानी का प्याऊ लगाया जाएगा।

### इन स्थानों पर मिलेगा मटके का पानी

यमाहा तिराहा, छिजारसी तिराहा आदि स्थानों पर ग्रीन नेट-शेड/टेंट शेड लगाये गये तथा दलित प्रेरणा स्थल की ओर उतरने वाले लूप, दलित प्रेरणा स्थल गेट न.-5, डीएनडी फ्लाई ओवर के नीचे, चिल्ला बॉर्डर, गोलचक्कर चौक, परीचौक, किसान चौक आदि स्थानों पर मिट्टी के घडे रखवाकर पेयजल की व्यवस्था की गई।

# जिले की पुलिस का अपराध ट्रैकिंग नेटवर्क में तीसरा स्थान

एजेंसी

नोएडा। क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स (सीसीटीएनएस) में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ने प्रदेश स्तर पर अप्रैल में तीसरी रैंक हासिल की है। यह रैंकिंग बुधवार को जारी की गई। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बताया कि सीसीटीएनएस एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जिसके जरिए अपराध और अपराधियों से संबंधित जानकारी और रिकॉर्ड ऑनलाइन माध्यम से विभिन्न पुलिस एजेंसियों को साझा की जाती है। इसका उद्देश्य देशभर में पुलिस की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करना और अपराध नियंत्रण में तेजी लाना है।

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि सीसीटीएनस को प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए कई प्रयास किए गए हैं। इसके तहत प्रभावी डाटा एंट्री, सभी अपराध संबंधित घटनाओं, आरोपियों की जानकारी को त्वरित और सटीक तरीके से सीसीटीएनएस पोर्टल पर अपलोड की जाती है।



प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर पुलिसकर्मियों को सीसीटीएनएस के उपयोग और इसके फायदों के बारे में बताया जाता है।

तकनीकी सुधार के तहत पुलिस थानों में आवश्यक तकनीकी उपकरणों और इंटरनेट सुविधाओं को बढ़ाया गया है। साथ ही विभिन्न पुलिस थानों और अन्य संबंधित एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाता है। इसी का परिणाम है कि कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर को प्रदेश स्तर पर तीसरा स्थान मिला है। आगामी दिनों में इसमें और सुधार किया जाएगा। प्रदेश स्तर पर पहला स्थान हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# फैक्ट्री के अंदर पत्नी की गला दबाकर हत्या

एजेंसी

नोएडा। नोएडा में सेक्टर-4 की एक कंपनी में कहासुनी के बाद युवक ने गला दबाकर पत्नी की हत्या कर दी। इसके बाद मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक महिला के भाई की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश में दबिश जारी है।

एडिशनल डीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि काजल और राजा बाबू शिकोहाबाद के रहने वाले थे। दोनों ने साढ़े तीन साल पहले प्रेम विवाह किया था। दोनों वर्तमान में हरौला गांव में रहते थे। एक्सपेनडिको ट्रेड सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में सफाई कर्मी का काम करते थे।

मंगलवार सुबह 5 बजे काजल और राजा में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद काजल कंपनी में सफाई करने चली गई। आठ बजे के करीब राजा कंपनी पहुंचा। कहासुनी के बाद काजल की हत्या गला दबाकर कर दी।

कंपनी के अंदर हत्या होने से अफरातफरी मच गई। फौरन इसकी सूचना फेज वन थाने की पुलिस को दी गई। इस दौरान राजा कहीं फरार हो गया। उसने मोबाइल भी ऑफ कर लिया है। घटना की जानकारी होने के बाद काजल के भाई ने राजा के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कराया है।

आरोप है कि राजा पत्नी के घर वालों से मोटरसाइकिल और नकदी की मांग करता था। काजल जब मना करती थी तो राजा उसकी पिटाई करता था। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। काजल की 22 जबकि राजा की उम्र 25 साल

## यमुना में युवक का शव मिला, हत्या की आशंका

ग्रेटर नोएडा। याकूतपुर पुस्ते के समीप यमुना में युवक का शव पड़ा मिला। ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस का दावा है कि शव पानी में पीछे से बहकर आया है।नॉलेज पार्क पुलिस के मुताबिक ग्रामीणों ने सूचना दी कि याकूतपुर पुस्ते के समीप यमुना में युवक का शव पड़ा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकाला। पुलिस ने शव की पहचान करने का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। पुलिस के मुताबिक शव पानी में पीछे से बेहकर आया है। शव छह से सात दिन पुराना है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पोस्टमार्टम से मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। उधर, ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि किसी ने हत्या कर शव नदी में फेंका है। मामले की जांच की जा रही है।

# नोएडा हिट एंड रन मामले में 2 अरेस्ट

## टक्कर से पहले तेज म्यूजिक और ओवर स्पीड थी कार, बुजुर्ग के सामने आते ही खोया कंट्रोल

नोएडा। कंचनजंघा मार्केट के पास बेकाबू ऑडी कार की टक्कर से बुजुर्ग की मौत होने के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यही दोनों लोग ऑडी में सवार थे। कार एक दिन पहले दिल्ली के एम्स के सामने एक निर्माणाधीन साइट से बरामद की गई थी। इसके लिए पुलिस ने 150 से ज्यादा स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली थी।

दरअसल रविवार को सुबह साढ़े पांच बजे के आसपास एक बुजुर्ग को ऑडी कार ने टक्कर मार दी थी। उस समय कार की रफ्तार करीब 100 किमी प्रतिघंटा थी। रफ्तार ज्यादा होने के कारण कार का नंबर सीसीटीवी कैमरे में ठीक से कैद नहीं हो पाया है।

हादसे में बुजुर्ग की मौत हो गई थी। वह आकाशवाणी के सेवानिवृत्ति कर्मचारी थे। गोपनीय सूचना के आधार पर कार चालक लव कुमार उर्फ मामू व साथ में बैठे प्रिंस कुमार को मेट्रो स्टेशन गेट नंबर 1 सेक्टर 52 नोएडा के पास से गिरफ्तार किया।

एडीसीपी मनीष मिश्रा ने बताया-ऑडी



लव कुमार उर्फ मामू चला रहा था। पूछताछ में उसने बताया कि वो अपने दोस्त प्रिंस कुमार के साथ दिल्ली से नोएडा आया था। मेरा दोस्त मेरे बराबर में बैठा था। कार में तेज आवाज में गाने बजा रखे थे। यही नहीं प्रिंस मुझे गाड़ी को तेज गति से चलाने के लिए उकसा रहा था।

जैसे ही हम कंचनजंघा मार्किट पहुंचे तो कार की स्पीड बहुत तेज थी। कार के सामने एक बुजुर्ग व्यक्ति आ गया। मुझसे कार कंट्रोल नहीं हो पाई और उस व्यक्ति को इतनी तेजी से टक्कर लगी की वो कार के सामने उछल कर कार के शीशे पर गिरकर नीचे गिर गया। हम वहां से भागकर पुलिस से बचने के लिए वापस दिल्ली चले गये।

इस मामले में मृतक के बेटे ने सेक्टर-24 थाने में अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बुजुर्ग हवा में लहराते हुए करीब दस मीटर दूर जाकर गिरे थे।

करीब दो मिनट का हादसे का वीडियो सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ था।

# शार्ट न्यूज

## भारतीय सिम और विदेश से ठगी करने वाले 5 गिरफ्तार

नोएडा। भारतीय सिम से एक्टिव सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए विदेश से ठगी करने वाले गैंग के पांच लोगों को पुलिस ने पकड़ा है। इसमें एक चाइना का नागरिक भी है। ये बिजनेस वीजा पर इंडिया आया है। डीसीपी विद्या सागर ने बताया कि पांचों लोग एक दूसरे को जानते है और ठगी की घटना को अंजाम देते थे। इनके बाकी साथियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। इनके पास से 19 मोबाइल फोन, 223 सिम, 02 लेप टाप, 07 आधार कार्ड, विदेशी मुद्रा कुल 15 नोट और 23110 रुपए, चाइनीज पासपोर्ट, 02 अन्त राष्ट्रीय ड्राइविंग लाइसेंस मिला। डीसीपी ने बताया कि लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर थाना एक्सप्रेस वे पुलिस ने इनको गिरफ्तार किया। इनकी पहचान तेनजिन कालसंग , कृष्ण मुरारी, त्सेरिंग धोनतुप , शोभित तिवारी और चाइना का नागरिक जहू जुनकाई को हुई है। इसमें तेनजिन ट्रांसलेशन का काम करते है। कृष्ण मुरारी खाते प्रोवाइड कराने का काम करता था। इसके अलावा फर्जी सिम त्सेरिंग धोन्दुप देता था। एक बार सिम मिलने के बाद त्सेरिंग उस सिम को एक्टिवेट करके यहां सोशल मीडिया अकाउंट बनाकर उसे चाइना के नागरिक को देता था। सिम चाइना का नागरिक अपने साथ दुबई ले जाता था। यही से ठगी की जाती थी। ठगी का पैसा कृष्ण मुरारी के द्वारा उपलब्ध कराए गए खातों में भेजा जाता था।

## एमिटी में 'टेक्नोवेट 2024' का आयोजन

नोएडा। सेक्टर-125 स्थित एमिटी में दो दिन का वार्षिक इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट एवं पोस्टर प्रस्तुती 'टेक्नोवेट 2024' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ धानुका एग्रीटेक के समूह मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी कपिल मल्होत्रा ने किया। इस कार्यक्रम में 300 से ज्यादा स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। कपिल मल्होत्रा ने कहा कि इस टेक्नोवेट के जरिए स्टूडेंट्स आपकी प्रतिभा को विशेषज्ञों सामने प्रस्तुत कर अपने अंदर एक आत्मविश्वास भर सकते है। इस टेक्नोवेट में बीटेक इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग के रिजुल ठाकुर और आकर्षित ठाकुर ने वायरलेस डिवाइस डिजाइन फॉर मिल्क पंपिंग एंड स्पलिंग प्रिवेनशन, बीटेक मैकेनिकल के साहिल और अराफ मलिक ने डिजाइन एंड इम्प्लीमेन्टेशन ऑफ 8 लेग्गड सेमी ऑटोनॉमस स्पाइडर रोबोट यूजिंग थियों जानसेन लिंकेज सहित कई अन्य स्टूडेंट्स ने प्रस्तुती दी। इस अवसर पर एमिटी ने अन्य विद्यालयों के छात्रों ने भी टेक्नोवेट 2024 का दौरा किया। एचसीएल टेक के प्रशांत मागो ने कहा कि यह स्टूडेंट्स के लिए सुनहरा अवसर है। जब वे अपने प्रोजेक्ट के महत्व को सामने ला सकते है। उन्होंने छात्रों को सलाह देते हुए कहा कि आने वाले पांच साल के बाद उत्पन्न होने वाली समस्याओं के निवारण पर शोध करें।

## गाजियाबाद में ओवरहीटिंग से एसी फटा

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना इंदिरापुरम क्षेत्र के शक्ति खण्ड 2 की बिल्डिंग के एसी फट गया। जिसके कारण कमरे में आग लग गयी। आग से कमरे का सामान जलाकर खाक हो गया। ओवरहीटिंग के कारण एसी फटी। गाजियाबाद में दमकल विभाग के चीफ फायर अफसर राहुल पाल ने बताया कि इंदिरापुरम शक्ति खंड 2 के एक बिल्डिंग मे ओवरहीटिंग से एसी फट गया। जिसके बाद देखते ही देखते बिल्डिंग के कमरे आग ने अपना विकराल रूप ले लिया। हादसा शक्तिखण्ड 2 के बिल्डिंग संख्या, 218 में हुआ। आग लगने से कमरे में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। मौके पर फायर ब्रिगेड 1 गाड़ी पहुंची किसके बाद अग्निशमन कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घर के रहने वाले परिवार आनन फानन में बिल्डिंग से नीचे आ गए इसके बाद फायर ब्रिगेड को मौके पर सूचना दिया गया जिसके बाद 10 मिनट बाद ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया इस हादसे में किसी किसी की हताहत होने की खबर नहीं एसी रूम में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया।

## चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर हुए कार्यक्रम

गाजियाबाद। देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 37वीं पुण्यतिथि बुधवार को मनाई गई। इस दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई शहरों में कार्यक्रम हुए। मुख्य कार्यक्रम दिल्ली में चौधरी चरण सिंह के समाधि स्थल किसान घाट पर हुआ। यहां उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। दिल्ली में राष्ट्रीय लोकदल के मुख्य कार्यालय पर हवन-यज्ञ हुआ। इसमें राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय लोकदल अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह ने सपरिवार आहुति दी। गाजियाबाद के वसुंधरा में राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता बीरपाल मलिक सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। गांव चित्तौड़ा में हवन-यज्ञ हुआ। इसमें क्षेत्रभर के किसानों ने आहुति दी। इसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। आयोजन में चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप मुखिया, दिलावर सिंह आदि मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन से टकराकर युवक की मौत

मोदीनगर। दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर गांव कलछीना के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर शिनाख्त के प्रयास शुरु कर दी है। दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर गांव कलछीना के पास सुबह एक युवक का शव पड़ा मिला। एक्सप्रेस वे की पट्रोलिंग टीम ने इसकी सूचना भोजपुर पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसीपी मोदीनगर ने बताया कि किसी वाहन से टकराकर युवक की मौत हुई है। मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है। इसके अलावा हीरा एन्कलेव में देर रात को डंपर की चपेट में आकर एक पशु की मौत हो गई,जबकि दूसरा घायल हो गया। हिंदू संगठन से जुडे लोगों ने मौके पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया। दिल्ली मेरठ मार्ग पर देर रात को तेल मिल गेट के सामने बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टककर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## गाजियाबाद में 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

गाजियाबाद। गाजियाबाद क्राइम ब्रांच ने मोबाइल टावर के महंगे उपकरण करने वाले 50000 के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से 12 लाख का माल बरामद किया है। आरोपी गाजियाबाद दिल्ली एनसीआर पश्चिम उत्तर प्रदेश राजस्थान हरियाणा बिहार महाराष्ट्र मध्य प्रदेश में जियो और एयरटेल के मोबाइल टावरों से बैटरी आर आर यूनिट और अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस चोरी करता था। गाजियाबाद में क्राइम ब्रांच के एडीसीपी सच्चिदानंद राय राय ने बताया की क्राइम ब्रांच ने जुबेर नाम के शख्स को गिरफ्तार किया है जो 12वीं तक पढ़ा है, और इस पर 50000 का इनाम है। इसके कब्जे से 12 लाख का मोबाइल टावरों से चोरी किया गया माल बरामद किया है। जुबेर से पहले इसी गैंग के 50-50000 के तीन इनामी बदमाशों को क्राइम ब्रांच पड़कर जेल भेज चुकी है। जिनके कब्जे से 60 लाख रुपए का मोबाइल टावरों के उपकरण बरामद हुए थे। जुबेर से पूछताछ में पता चला है कि पिछले कुछ वर्षों से मोबाइल टावरों की बैटरी रेडियो रिसीवर यूनिट और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस चोरी कर रहे थे। दिन में कबाड़ी की फेरी लगते थे जिससे रेकी कर ले और उसके बाद रात में चोरी को अंजाम दिया करते थे।

## युवती की मौत के मामले में भवन मालिक गिरफ्तार

नोएडा। सेक्टर-104 स्थित मून लाइट होटल में आग लगने के बाद दम घुटने से हुई युवती की मौत के मामले में सेक्टर-39 पुलिस ने बुधवार को भवन मालिक को गिरफ्तार कर लिया। होटल को लीज पर लेने वाले आरोपी की तलाश जारी है। युवती के भाई ने भवन मालिक और होटल प्रबंधन के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कराया था। छह मंजिला मून होटल बिना फायर एनओसी के संचालित हो रहा था।थाना प्रभारी ने बताया कि 18 मई को दोपहर दो बजे के करीब सेक्टर-46 की पलक प्रसाद अपने मंगेतर तरुण के साथ होटल की छठी मंजिल पर बने कमरे में रुकी थीं। शाम साढ़े चार बजे के करीब होटल की चौथी मंजिल पर आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें और धुआं पांचवीं और छठी मंजिल पर पहुंच गया। धुआं कमरे के अंदर पहुंचने के कारण तरुण और पलक का दम घुटने लगा। अग्निशमनकर्मियों ने दोनों को बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। कुछ ही घंटे बाद पलक की मौत हो गई। तरुण की हालत अब ठीक है।

# बृजभूषण के कॉलेज की कार ने 2 को रौंदा, मौत

## गाड़ी पर पुलिस एस्कॉर्ट लिखा था, दावा- सांसद का बेटा काफिले में था

गोंडा। भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह के कॉलेज की फॉर्च्यूनर ने गोंडा में 2 बाइक सवारों को रौंद दिया। कार ने सड़क किनारे बैठी महिला को भी टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि महिला की हालत गंभीर है।

ग्रामीणों ने बताया कि फॉर्च्यूनर कार जिस काफिले में थी, उसमें भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह भी थे। वे काफिले के साथ बुधवार सुबह करीब 9 बजे हुजूरपुर जा रहे थे। काफिला अभी छतईपूरवा के पास पहुंचा था, तभी एस्कॉर्ट लिखी फॉर्च्यूनर एक गाड़ी को ओवरटेक करने लगी। इसी दौरान वह बेकाबू हो गई और बाइक सवारों को रौंदते हुए बिजली के खंभे से टकरा गई। गाड़ी ने घर के बाहर बैठी बुजुर्ग महिला को भी



रौंद दिया।

### हादसे के बाद भी नहीं रुका काफिला

हादसे में निदुरा गांव के रेहान (17) और शहजाद खान (24) की मौत हो गई है। जबकि 60 साल की सीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद भी करण का काफिला नहीं रुका। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय ने बताया- मृतकों के परिजन ने शिकायती पत्र दिया है। फॉर्च्यूचर को कब्जे में लेकर ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। फॉर्च्यूनर के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। एयरबैग खुलने से गाड़ी में बैठे लोगों की जान बची। आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### युवकों के चाचा ने कहा- दोनों दवा लेने जा रहे थे

हादसे में जान गंवाने वाले दोनों युवकों के चाचा फरमान खान ने बताया- हादसे की सूचना गांव में पहुंची।

हम दौड़ते-भागते घटनास्थल पर पहुंचे तो वहां गाड़ी टूटी-फूटी पड़ी थी। रोड पर खून पड़ा था। वहां लोगों ने कहा कि अस्पताल जाइए। घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि करण भूषण का 4-5 गाड़ियों का काफिला जा रहा था। उसमें से एक गाड़ी ने ओवरटेक करने में दोनों बच्चों को उड़ा दिया है। अस्पताल पहुंचने पर बच्चों की मौत की जानकारी मिली।

एफआईआर में क्या लिखवाया गया है, अभी हमारा दिमाग काम नहीं कर रहा है। करण भूषण का काफिला था और फॉर्च्यूनर गाड़ी थी। हादसे के वक्त बच्चे स्प्लेंडर बाइक से करनैलगंज दवा लेने जा रहे थे, उनकी तबीयत खराब थी। हम वहां मौजूद नहीं थे, लेकिन छतईपुरवा के लोगों ने काफिले के बारे में बताया है। हमने नहीं देखा कि एक्सीडेंट किसकी गाड़ी से हुआ है।

# 13 महीने बाद खुला हत्या का राज, एक गिरफ्तार

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के निगोही क्षेत्र में युवक की संदिग्ध मौत के एक वर्ष बाद आई विसरा रिपोर्ट में जहर देकर हत्या करने की पुष्टि हुई है।पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक नगर संजय कुमार ने बुधवार को बताया कि थाना निगोही क्षेत्र के गांव मधवामई निवासी जगपाल (45) की एक वर्ष पहले संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी ललिता ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि 25 हजार रुपये में राजपाल ने बाइक खरीदी थी। जगपाल ने कई बार रुपये मांगे, लेकिन राजपाल रूपये न देकर टाल मटोल रहा था। उन्होंने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर देकर पुलिस को जानकारी दी कि सात अप्रैल 2023 को राजपाल ने जगपाल को अपने घर दावत में बुलाया था। रात में खाना खाकर आने के बाद जगपाल की तबीयत बिगड़ गई। अस्पताल लेकर जाने से पहले उनकी मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या का कारण स्पष्ट न होने के कारण विसरा जांच के लिए भेज दिया गया। सूत्रों ने बताया कि 21 अगस्त को कोर्ट के आदेश पर राजपाल और उसके तीन बेटों के खिलाफ हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। कुमार ने बताया कि 13 महीने बाद मृतक जगपाल की विसरा रिपोर्ट आई। जिसमें जहर देकर हत्या की पुष्टि हुई है। पुलिस ने एक आरोपी राजपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# झांसी में 1.12 करोड़ रुपए का गांजा पकड़ा गया

झांसी। झांसी में पुलिस और स्वाट टीम ने 1.12 करोड़ रुपए का गांजा पकड़ा है। गांजा ट्रक में लोड चावलों के 300 पैकेट के बीच में छुपाया गया था। दो आरोपियों को ये गांजा उड़ीसा से मध्य प्रदेश पहुंचाना था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर 450 किलो गांजा, ट्रक और चावल के पैकेट बरामद किए गए हैं।

अभी उड़ीसा और मध्य प्रदेश में बैठे मास्टरमाइंड फरार हैं। पुलिस को कुछ नाम पता चले हैं। अब पुलिस उनकी तलाश में छापेमारी कर रही है। आरोपियों के खिलाफ रक्सा थाना में एनडीपीएस एक्ट का केस दर्ज किया गया है।

### पहुंचाने के मिलने थे दो लाख

एसपी सिटी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि रक्सा पुलिस और स्वाट टीम टोल प्लाजा से पहले परान ग्राउंड के सामने चैकिंग कर रही थी। तभी मुखबिर ने सूचना दी कि एक डीसीएम में चावलों के बीच में गांजा छुपाकर लाया जा रहा है।

इस पर पुलिस टीम ने डीसीएम को रूकवाया तो उसके अंदर 18 बोरियों में 450 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ। इस पर पंजाब के पटियाला निवासी अजय कुमार गुप्ता (25) और पंजाब के लुधियाना निवासी विशाल कुमार मनीचा (41) को गिरफ्तार किया गया है।

उड़ीसा से मध्य प्रदेश गांजा पहुंचने पर दोनों आरोपियों को दो लाख रुपए मिलने थे।

### पहले से पता नहीं था किसे देनी है सप्लाई

एसपी सिटी ने बताया कि दोनों आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उनको उड़ीसा में गांजा दिया था। गांजा को मध्य प्रदेश पहुंचाना था, लेकिन सप्लाई किसे देनी थी, इस बारे में नहीं बताया गया था। उड़ीसा वाले आरोपियों ने कहा था कि जब ठिकाने पर पहुंच जाओ तो बताना।

इसके बाद सप्लाई लेने वाले आ जाएंगे। अब पुलिस उड़ीसा वाले आरोपी की तलाश में जुट गई है।

# लखनऊ के 3 बड़े अस्पतालों में बढ़े मरीज

लखनऊ। यूपी सहित उत्तर भारत के राज्यों में गर्मी, धूप और गर्म हवा का कहर जारी है। लखनऊ सहित आसपास के जिलों में भी हीट वेव की वजह से लोग बीमार हो रहे हैं। जिसके कारण लखनऊ के 3 बड़े अस्पतालों में पिछले 24 घंटे में 100 से ज्यादा मरीज भर्ती हुए हैं। बुधवार सुबह से ही लखनऊ के सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में भीड़ दिखी। इनमें ज्यादातर मरीज बुखार, डिहाइड्रेशन और डायरिया का इलाज कराने पहुंचे। दूसरे चिकित्सा संस्थानों में भी हीट वेव से पीड़ितों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। लखनऊ के डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल के ष्टरूस् डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने बताया, उल्टी, लूज मोशन और कमजोरी के मरीजों की संख्या बढ़ी है। पिछले 24 घंटे में करीब 48 मरीज अस्पताल की इमरजेंसी में लाए गए हैं। इनमें 34 मरीजों का उपचार करके घर भेज दिया गया, बाकी 15 गंभीर मरीजों का इलाज चल रहा है। बताया, जो भी मरीज आ रहे हैं, उनमें से ज्यादातर गर्मी की वजह से विभिन्न समस्याओं से ग्रस्त हैं।

# बिजली उपकेंद्र पर किसानों का प्रदर्शन

## बुलंदशहर में किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने दिया धरना, बिजली कटौती से हो रही परेशानी

बुलंदशहर। बुलंदशहर में बिजली कटौती के विरोध में इकट्ठे हुए किसान यूनियन अराजनैतिक कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इकट्ठे हुए किसानों ने उपकेंद्र परिसर में धरना देकर एसडीओ को बंधक बना लिया। किसानों का आरोप है कि लगातार हो रही कटौती से आमजन परेशान है।

फसलों में पानी लगाने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के चलते फसलें सूख रही हैं। बार-बार की ट्रिपिंग में लो वोल्टेज के चलते परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तहसील अध्यक्ष गुड्डू प्रधान के नेतृत्व में इकट्ठे हुए किसानों ने अपनी मांगों को लेकर औरंगाबाद एसडीओ को ज्ञापन सौंपा।

किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने समस्याओं का समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

किसानों को कहना है कि अगर समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो सड़कों पर उतरकर आंदोलन



करने को मजबूर होंगे। एसडीओ विद्युत ने किसानों को समझा बुझाकर शांत किया। साथ ही किसानों की समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करने की बात कही।

### लगातार काम कर रही है टीम

एसडीओ ने कहा कि टीम लगातार कार्य कर रही है। मॉनिटरिंग कराई जा रही ह। ओवरलोडिंग की समस्या के लिए रणनीति बनाई जा रही है। कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं।

प्रदर्शन में चौधरी पिंकी खालोर जिला अध्यक्ष बुलंदशहर, आशु पठान किसान नेता गुड्डू प्रधान ब्लॉक अध्यक्ष शावेज खान नीरज पंडित जिला सचिव आजाद खान गजेंद्र लोधी मुदस्सिर खांन मुदस्सिर अंसारी महमुद अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

# ओशो का प्रवचन सुन दो दोस्तों ने किया सुसाइड

## जालौन में मौत से पहले वॉट्सऐप स्टेटस पर लिखा- मृत्यु ही सत्य है

जालौन। जालौन में दो दोस्तों ने मंगलवार देर रात जहर खाकर जान दे दी। मरने से पहले दोनों ने ओशो का प्रवचन सुना था। दोनों ओशो से काफी प्रभावित थे। उन्होंने आत्महत्या करने से पहले अपने वॉट्सऐप पर स्टेटस लगाया। लिखा- मृत्यु ही सत्य है।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जांच-पड़ताल के बाद दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। घटना कालपी कोतवाली क्षेत्र के कर्बला के मैदान की है।

### अमन ने जहर खाने के बाद घर वालों की दी सूचना

शनिवार देर रात कालपी कोतवाली क्षेत्र के टरननगंज के नुमाइश मैदान इलाके के रहने मेडिकल स्टोर चलाने वाले अमन वर्मा (23) उसके साथी



अमन, मृतक — बालेंद्र, मृतक

आलमपुर के रहने वाले बालेन्द्र पाल (21) ने कर्बला के मैदान में जहर खाकर जान दे दी। बालेंद्र की मौके पर मौत हो गई।

अमन की हालत बिगड़ने लगी, तो उसने अपने परिजनों को फोन करके सूचना दी। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। दोनों को इलाज के लिए कालपी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच में पता चला कि अमन और बालेंद्र में गहरी दोस्ती थी, अमन मेडिकल स्टोर चलाता था। उसकी शादी हो गई थी। जबकि बालेंद्र की शादी नहीं हुई थी। दोनों ओशो के प्रवचन को सुनते थे और उनसे काफी प्रभावित थे। दोनों मेडिकल स्टोर पर ही बैठते थे बालेंद्र, अमन की मदद करता था।

### मरने से पहले लगाए तीन स्टेटस

अमन ने सुसाइड करने से पहले तीन स्टेटस लगाए थे। पहले स्टेटस में लिखा- तुम अपने रास्त, मैं अपने रास्ते। इस वीडियो में कुछ लोग एक लाश ले जाते दिख रहे हैं। वहीं दूसरे स्टेटस में लिखा- जीवन में ऐसा काम चुने, जो आपका आनंद हो, व्यवसाय नहीं। तीसरे स्टेटस में एक लाश जलती हुई का वीडियो लगाया।

# करंट लगने से युवक की मौत

कासगंज। कासगंज में विद्युत विभाग की लापरवाही अब आम जनमानस पर भारी पड़ने लगी है। इस लापरवाही से बुधवार को पहलोई गांव में बिजली के पोल के सपोर्टर में आ रहे करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। घटना थाना सिढपुरा क्षेत्र के पहलोई की है। यहां गांव में लगे बिजली के पोल के सपोटर में आ रहे करंट की चपेट से सुरेंद्र कुमार की मौत हो गई। युवक की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। ग्रामीण बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुआवजे की मांग करने लगे। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अधिकारियों ने मृतक के परिजनों को सांत्वना देते हुए सड़क पर लगे जाम को खुलवाया और युवक के शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

# लखनऊ में बिजली फॉल्ट सही करते समय लाइनमैन की मौत

एजेंसी


लखनऊ। लखनऊ में करंट लगने से संविदा पर काम करने वाले लाइनमैन की मौत हो गई है। मंगलवार रात को वह 11 हजार वोल्ट की केबल लाइन फॉल्ट ठीक कर रहा था। उसी दौरान करंट की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गया और मौत हो गई। वह लखनऊ के बालाघाट विद्युत उपकेंद्र पर तैनात था।

जानकारी के मुताबिक, लखनऊ के ठाकुरगंज, हितई दौलतगंज निवासी सिकंदर लोधी बालाघाट विद्युत उपकेंद्र पर संविदाकर्मी के तौर पर काम करता था। मंगलवार की रात करीब 8 बजे 11 हजार वोल्ट की केबल लाइन में फॉल्ट ठीक करने के लिए गया। उसके साथ अवर अभियंता मनीराम और एसडीओ पुरुषोत्तम कुमार भी मौजूद थे। जब बिजली कर्मचारी फॉल्ट ठीक करने लगा, तभी अचानक 11 हजार वोल्ट की लाइन में करंट दौड़ गया, जिससे सिकंदर बुरी तरह झुलस गया। मौजूद लोग उसे तुरंत अस्पताल लेकर गए लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परिजनों का आरोप है कि, बिना शटडाउन लिए ही फॉल्ट ठीक कराया जा रहा था। मृतक के रिश्तेदार ने कहा, यह पूरी तरह से लापरवाही का मामला है। मृतक का एक लड़का और एक लड़की है। क्या यह सरकार उन्हें 10-20 लाख रुपए मुआवजा देकर जीवनभर की गारंटी लेगी ?

स्थानीय लोगों ने कहा कि मृतक की पत्नी सुनीता, बेटे प्रिंस और बेटी मुस्कान की दुनिया उजड़ गई, क्योंकि सिकंदर घर में अकेला कमाने वाला था।

# एसपी ने किया महरौनी थाने का औचक निरीक्षण




ललितपुर। महरौनी, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा थाना महरौनी का आकस्मिक निरीक्षण कर थाना परिसर, कार्यालय , महिला हेल्प डेस्क, हवालात, मालखाना आदि का निरीक्षण किया गया तथा सम्पूर्ण परिसर में समुचित लाइट का प्रबन्ध करना एवं कार्यालय को स्वच्छ रखने हेतु निर्देशित किया गया । थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब/मादक पदार्थों/पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । हे0मु0 को मुकदमों से संबंधित मालो का विधिक निस्तारण एवं सही रखरखाव,शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात महिला हेल्प डेस्क को चैक किया गया एवं आगन्तुक रजिस्टर को चैक कर थाने पर आने वाली महिला फरियादियों की सुनवाई हेतु निर्देशित किया गया।

एसपी द्वारा प्रभारी निरीक्षक महरौनी को निर्देशित किया गया कि यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन कराना सुनिश्चित करें एवं चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों की चेकिंग कर आवश्यक कार्यवाही की जाये। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत थाना क्षेत्र में पैदल गस्त, रात्रि गस्त कर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चैकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया ।

# पुलिस पार्टी पर हमले के चार आरोपी गिरफ्तार

मथुरा। झगड़े की सूचना पर मथुरा जिले के हाईवे थाना क्षेत्र.के अन्तर्गत बालाजीपुरम चौराहे पर पहुंची पुलिस से दबंगों ने जम कर अभद्रता एवं मारपीट कर दी। पुलिस के अनुसार मंगलवार की देर शाम की इस घटना में दरोगा का कालर पकड़ा गया और उसे तभी छोड़ा गया जब पुलिस पर हमले की सूचना पर अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। एसपी सिटी डा अरविन्द कुमार ने बताया कि चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है जब कि उनके अन्य साथियों की तलाश जारी है।उन्हें आईपीसी की धारा 307 समेत संगीन धाराओं में गिरफ्तार किया गया है। एसपी सिटी के अनुसार मंगलवार की देर शाम उक्त स्थल पर झगड़े की सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी। मामला निपटाने के दौरान पुलिस की कुछ लोगों से कहा सुनी हो गई तथा एक दबंग ने दरोगा का गिरेबान पकड़ लिया और पिटाई भी की तथा पुलिस पर गाड़ी चढ़ाने की भी कोशिश की गई। पुलिस पर हमले की सूचना पर पहुचे अतिरिक्त पुलिस बल ने चार अभियुक्तों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया जबकि उनके अन्य साथी पुलिस को चकमा देने में सफल रहे।

# भाई ने बहन के साथ मिलकर अपहरण की गढ़ दी झूठी कहानी

## दस लाख रुपए की फिरौती लेकर अन्यत्र रहना चाहता था

ललितपुर। छब्बीस मई को तालबेहट के सेरवास व हाल बानपुर के ग्राम कैलगुवां में रहने वाले एक युवक के अपहरण हो जाने और फिरौती में दस लाख रुपये मांगे जाने का प्रकरण प्रकाश में आया था। इस प्रकरण के खुलासे को लेकर एसपी मो.मुश्ताक ने महरौनी पुलिस के साथ एसओजी, सर्विलांस टीम व साइबर क्राइम टीम को जल्द खुलासा करने के निर्देश दिये थे। प्रकरण को लेकर पुलिस ने अपहृत की पत्नी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ धारा 364ए व 429 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। जांच के दौरान पूरा प्रकरण भाई-बहन की साजिश के बीच निकला। दस लाख रुपये की फिरौती के चक्कर में युवक ने अपनी बहन के साथ मिलकर झूठे अपहरण की मनगढ़न्त कहानी बनाकर गुहराह करने का प्रयास किया। मामले की जानकारी देते हुये पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने



बताया कि तालबेहट के सेरवास निवासी माखन उर्फ मक्खन रजक पुत्र चन्ने उर्फ जसरथ विगत बीस वर्षों से अपनी ससुराल बानपुर के ग्राम कैलगुवां में रहता था। उसने दस लाख रुपये की फिरौती के लिए मनगढ़न्त कहानी बनाकर अपनी बहन मध्य प्रदेश के जिला शिवपुरी अंतर्गत थाना पिछोर के ग्राम डबिया निवासी शीला पुत्री जसरथ के साथ यह कारनामा किया है। एसपी ने बताया कि प्रकरण के खुलासे को लेकर एएसपी अनिल कुमार व सीओ महरौनी अजय कुमार के पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस, एसओजी, सर्विलांस और साइबर क्राइम टीम को लगाया गया था। प्रकरण की जांच के दौरान दोनों को पुलिस ने छपटर पुल के पास से हिरासत में ले लिया है। एसपी ने बताया कि पकड़े गये माखन रजक ने बताया कि उसके नाम से 2 एकड़ जमीन ससुर द्वारा कर दी गयी थी, जिस पर वह खेती करता था। बताया कि ससुर से विवाद होने के कारण वह ठेकेदारी करने लगा। विगत एक माह से वह अपहरण की प्लानिंग कर रहा था।

## शार्ट न्यूज

### एसजेपीयू एएचटीयू की समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ सम्पन्न

ललितपुर ।पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार (नोडल अधिकारी) के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय की उपस्थिति में थाना ए0एच0टी0यू0 प्रभारी व समस्त थानों के बालकल्याण पुलिस अधिकारी के साथ एस0जे0पी0यू0 व एएचटीयू की मासिक गोष्ठी माह मई 2024 की समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यशाला पुलिस लाइन जनपद ललितपुर स्थिति सभागार कक्ष में सम्पन्न की गयी, जिसमें महिला व बाल सुरक्षा संगठन उ0प्र0 लखनऊ द्वारा जारी अनुसंधान एंव अभियोजन के समस्त थानों के बाल कल्याण अधिकारी एंव विवेचकों के समक्ष आ रही समस्या पीडित /पीडिता के आवासन बाल श्रम व भिक्षावृत्ति की रोक थाम पाक्सो एक्ट के आरोप पत्र प्रेषित करने के समय दिशा निर्देशो का पालन आदि के सम्बंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई, साथ ही साथ जनपद मे गुमशुदा बच्चों के पंजीकृत व लंबित मामलो व पास्को एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों पर चर्चा व जेजे एक्ट से सम्बंधित आदेश निर्देश एवं जागरुकता के अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया।

### आजमगढ़ में नाबालिग का अश्लील वीडियो बनाकर रेप आरोपी गिरफ्तार

आजमगढ़ ।आजमगढ़ जिले के मेंहनगर थाने की पुलिस ने नाबालिग का अश्लील वीडियो बनाकर रेप करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पीड़िता के परिजनों ने 23 मई को मेंहनगर थाने की पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि आरोपी विपुल कुमार ने नाबालिग बेटी का अश्लील वीडियो बना लिया। जिसके आधार पर झांसा देकर रेप की घटना को अंजाम देता रहा। आरोपी लगातार पीड़िता को जान से मारने की धमकी देता था। पीड़िता ने आरोपी की इस बात को अपने परिजनों से बताया। जिसके बाद परिजनों ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी। इस दौरान पीड़िता का मेडिकल कराया गया। मेडिकल में रेप की पुष्टि होते ही आरोपी की तलाश की जाने लगी। इसी क्रम में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले की विवेचना कर रहे इंस्पेक्टर जयप्रकाश यादव ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही थी। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली की आरोपी मऊ जिले के चख भीखा के पास है। इस सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया।

### हमीरपुर में भीषण गर्मी से बुजुर्ग की मौत

हमीरपुर। हमीरपुर में एक बुजुर्ग महिला की भीषण गर्मी के कारण मौत हो गई। दो दिन बाद जब उसके कमरे से दुर्गंध आने लगी तो पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो गर्मी की वजह से वृद्ध का शव पूरी तरह फूल चुका था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। मौदहा कस्बे के बैंक ऑफ बड़ौदा के निकट सर्वोदय आश्रम में अलकछेंद्र (60) पुत्र शंभू दयाल किराए के कमरे में अकेले रहता था और छोटे बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने का कार्य करता था। पिछले दो दिनों से वह अपने कमरे के बाहर नहीं दिखा था। बुधवार की दोपहर उसके कमरे से दुर्गंध आने लगी तो अन्य किराएदारों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो कमरे में अलकछेंद्र मृत अवस्था में मिला और गर्मी की वजह से उसका शव बुरी तरह फूल चुका था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पत्नी लक्ष्मी सरीला में नर्स पद पर कार्यरत हैं और दो पुत्र है अमीतेंद्र और सुमित जो अपने परिवार के साथ सरीला में रहते हैं।

### कन्नौज में सपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

कन्नौज। कन्नौज में भीषण गर्मी में हो रही अंधाधुंध बिजली कटौती के खिलाफ सपाइयों ने कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। सिंचाई के अभाव में खेतों में सूख रहे मक्का के पौधे लेकर किसान भी प्रदर्शन में शामिल हुए। यहां डीएम को ज्ञापन सौंपते हुए सपाइयों ने चेतावनी दी कि बिजली कटौती तुरन्त बन्द न की गई तो वह लोग सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। सपा नेता नवाब सिंह यादव की अगुवाई में बुधवार दोपहर पार्टी कार्यकर्ता और किसान कलक्ट्रेट पहुंच गए। किसानों के हाथों में मक्का के सूखे हुए पौधे थे, जोकि सिंचाई के अभाव में सूख गए। यहां उन्होंने शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सपा नेता नवाब सिंह यादव ने कहा कि भीषण गर्मी में एक तरफ लोग बेहाल है तो दूसरी तरफ खेतों में खड़ी मक्का की फसल सिंचाई के अभाव में सूखने की कगार पर पहुंच गई। इसके बावजूद बिजली विभाग द्वारा बिजली की अंधाधुंध कटौती की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में न दिन में बिजली मिल रही और न रात में। जिस कारण किसान फसल की सिंचाई नहीं कर पा रहा। बिजली कटौती के कारण रात में भी लोगों को सुकून नहीं मिल पा रहा।

### भदोही में नवविवाहिता ने की आत्महत्या

भदोही। उत्तर प्रदेश में भदोही जिले के कोइरौना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक नवविवाहिता ने पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र के दस्युपुर गांव में सज्जन दलित की पत्नी नीतू ( 20) ने आज सुबह पंखे से फंदा लगा कर अपनी जान दे दी। भुल्लर दलित के लड़के सज्जन की शादी लगभग दो साल पहले गोपीगंज थाना क्षेत्र निवासी नीतू से हुई थी। घर पर ससुर भुल्लर के अलावा एक ननद ही रहती है। भुल्लर की पत्नी नहीं है। पति सज्जन एक साल से मुंबई में रहकर परिवार का भरण-पोषण करता था। बताया जाता है कि नीतू ने सुबह घर का काम निपटाकर लगभग 10 बजे कमरे में जाकर अंदर से दरवाज़ा बंद कर लिया। भुल्लर कहीं गया था, घर वापस लौटकर उसने पुत्री से बहू को बुलाने के लिये कहा। पुत्री बुलाने गई तो कमरा नहीं खुला। कमरे में लगी खिड़की से झांककर देखा तो वह पंखे से लटक रही थी। घटना की जानकारी होते ही आस पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गए। नवविवाहिता की मौत से परिजनों में हड़कंप मचा गया। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंचीं पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### चुनावी रंजिश में दबंगो ने दुकानदार को पीटा

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के खुटहन क्षेत्र में चुनाव की रंजिश को लेकर कहासुनी के बाद दबंगों ने दुकानदार की लात-घूंसों से पिटाई कर दी। पीड़ित व्यवसायी के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि क्षेत्र के राउतपुर रामनगर गांव निवासी सुशील पांडेय रामनगर बाजार में जनरल स्टोर की दुकान चलाते हैं। सुशील का आरोप है कि 26 मई की शाम गांव के ही विवेक यादव और सनोज यादव उसके घर पहुंचकर चुनाव को लेकर अपशब्द बोलने लगे, आस पास के लोगों ने बीच-बचाव किया तो मामला वहीं पर शांत हो गया। आरोप है कि दूसरे दिन वह अपनी दुकान पर बैठा था कि तभी विवेक यादव, सनोज यादव, राहुल यादव, सत्यम यादव और चंदन यादव आकर उसकी दुकान में घुसकर उसे जमकर लात-घूंसों से मारने-पीटने लगे। दुकान में उत्पात मचाते हुए जमकर तोड़फोड़ भी किए। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक खुटहन संजय वर्मा ने बताया कि प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर कल देर रात सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### आगरा में बच्ची की हत्या

फतेहाबाद। आगरा में अपने पिता के साथ पीछे-पीछे खेत पर खरबूजे लेने गई मासूम को मौत के घाट उतार दिया गया। पिता खरबूजा लेकर घर लौट आया, लेकिन तकरीबन 1 घंटे तक मासूम घर नहीं लौटी, इसके बाद खोजबीन की गई तो उसका शव खरबूजे के खेत के पास बाजरे के खेत में पड़ा हुआ मिला। शव के पास ही ईटों के टुकड़े मिले और खून पड़ा हुआ मिला है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी है। वहीं घटना के खुलासे के लिए टीम में घटित की गई है। गांव हुमायूंपुर के रहने वाले सुभाष वर्मा मंगलवार देर शाम गांव से 800 मीटर की दूरी पर स्थित खरबूजे के खेत में खेत मालिक से खरबूजे लेने गए थे। पीछे ही 4 साल की मासूम बच्ची खुशबू उर्फ अनन्या अपने पिता के साथ चली गई। पिता खेत से खरबूजा खरीद कर अपने घर लौट आया। लेकिन मासूम बच्ची नहीं लौटी। काफी देर बाद जब बच्ची की तलाश की गई तो लहूलुहान हालत में मासूम बच्ची खरबूजे के खेत के पास बाजरे के खेत में पड़ी हुई मिली।

## राहत शिविरों पर इजराइल ने फिर बोला हमला, 21 की हुई मौत, सड़क पर दौड़ रहे टैंक

गाजा। कत्लेआम करने से इजरायल बाज नहीं आ रहा है। तमाम प्रयासों के बाद भी लगातार हमले हो रहे हैं। राहत शिविरों को भी नहीं बख्शा जा रहा है। बीते रोज इजरायल ने राहत शिविरों पर हमला कर 21 लोगों को मार डाला। दक्षिण गाजा के शहर राफा में इजरायली सेना ने विस्थापितों के लिए बनाए गए शिविर पर हमला करके 21 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। इससे पहले इजरायल ने रविवार को राफा में हवाई हमला करके 45 लोगों को मार डाला था। इससे पहले रविवार को हुए हमले पर इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने अफसोस जताया था और मांगी मांगते हुए जांच के आदेश दिए थे। हालांकि एक दिन बाद ही इजरायल ने एक बार फिर राफा में मासूमों का कत्ल करना शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि इजरायली सेना ने राफा की महत्वपूर्ण पहाड़ी पर कब्जा भी कर लिया है, जो मिस्र से मिलती है। इजरायल की राफा में लगातार स्ट्राइक पर सऊदी अरब की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। उसने दो टूक शब्दों में कहा है कि इजरायल को जितना जल्दी हो सके फिलिस्तीन को स्वीकार कर लेना चाहिए क्योंकि दोनों का अस्तित्व आपस में जुड़ा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, हमास द्वारा संचालित गाजा पट्टी के एक नागरिक सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि मंगलवार को राफा के पश्चिम में इजरायली सैनिकों ने फिर हमला बोला और यहां एक विस्थापन शिविर पर हमले के बाद कम से कम 21 लोग मारे गए। मोहम्मद अल-मुग़य्यर ने कहा कि वे राफ़ा के पश्चिम में विस्थापित लोगों के तंबुओं को निशाना बनाकर किए गए हमले में मारे गए। हमास ने कहा कि इजरायली हमले में क्षेत्र में दर्जनों लोग शहीद और घायल हुए हैं।

## अमेरिका में कुत्तों के लिए हवाई सफर शुरु.... कीमत 4,000 पाउंड

वॉशिंगटन। अमेरिका में कुत्तों के लिए हवाई सफर की शुरुआत हुई है। ये पहली बार हैं, जब कुत्तों के लिए विशेष फ्लाइट शुरू की जा रही है। अमेरिका की जेट चार्टर कंपनी बार्क एयर ने इसकी शुरुआत की है। फ्लाइट इस तरह डिजाइन की गई है कि इसमें कुत्ते आराम से सफर कर सकें। लग्जरी डॉग एयरलाइन की फ्लाइट में खिलौनों से भरे लाउंज से लेकर आरामदायक स्पा तक की सहूलियत है। बार्क एयर में सफर करने वाले कुत्ते डॉगी शैंपेन का आनंद लेकर केबिन के चारों ओर घूमने के लिए भी आजाद है। फ्लाइट में कुत्ते यात्रियों को काटने के लिए ट्रे पर शू फुट भी मिलेगा। अमेरिकी कंपनी ने फिलहाल न्यूयॉर्क के वेस्टचेस्टर काउंटी हवाई अड्डे, लॉस एंजिल्स के पास वैन नुय्स और लंदन के बिगगिन हिल से उड़ानें शुरू की है। इनके अलावा पेरिस, मिलान, शिकागो, सिएटल, फ्लोरिडा और एरिजोना के रूट पर भी कंपनी जल्दी ही उड़ाने शुरू करने पर विचार कर रही है। एयरलाइन ने घरेलू उड़ानों के लिए कुत्ते और उसके साथ इंसान की यात्रा का खर्च 4,000 पाउंड रखा है। इंटरनेशनल फ्लाइट के लिए ये कीमत बढ़कर 6,000 पाउंड तक पहुंच जाती है। एक कुत्ते के लिए एक टिकट पर उसके साथ एक इंसान के लिए पास दिया जाता है। डॉग एयरलाइन ने कहा कि कुत्ते की उम्र, साइज या नस्ल के आधार पर कोई प्रतिबंध नहीं है, लेकिन कुत्ते के यात्रा करने वाले इंसान की उम्र 18 साल से ज्यादा होनी चाहिए। बार्क एयर की शुरुआत गुरुवार को न्यूयॉर्क और लॉस एंजिल्स से 14 लोगों की क्षमता वाले गल्फस्ट्रीम जी5 जेट की उड़ान के साथ हुई।

## पोप फांसिस ने अपमानजनक टिप्पणी के लिए मांगी माफी

वेटिकन सिटी,। पोप फांसिस ने इटली के बिशपों के साथ एक बैठक में एलजीबीटी समुदाय के लिए अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल किया था, जिसके लिए उन्होंने अब माफी मांगी है। एक बयान में कहा गया है कि उनका होमोफोबिक भाषा का इस्तेमाल करने का कोई इरादा नहीं था। वेटिकन के प्रवक्ता माटेओ ब्रूनी ने एक बयान में कहा कि पोप का कभी भी खुद को समलैंगिकता विरोधी शब्दों में अपमानित करने का इरादा नहीं था, और वह उन लोगों से माफी मांगते हैं जो दूसरों द्वारा बताए शब्द के इस्तेमाल से आहत होते हैं। पोप ने बंद कमरे में बिशपों के साथ खास बैठक की थी, जिसमें उन्होंने अपमानजनक टिप्पणी की थी, जिसे इटली के अखबारों ने प्रमुखता से छापा था। रिपोर्टों के मुताबिक पोप फांसिस ने इटालियन शब्द फोसियागिन का इस्तेमाल किया, जिसका अनुवाद फगोटनेस या फगोट्री है। वेटिकन ने इस बात पर जोर दिया कि पोप फांसिस रिपोर्टों से वाकिफ हैं और एक समावेशी और स्वागत करने वाले चर्च को बढ़ावा देने के लिए समर्पित हैं। वेटिकन के प्रवक्ता ने कहा कि कोई भी बेकार नहीं है, कोई भी जरूरत से ज्यादा नहीं है, सभी के लिए जगह है। 87 साल के पोप फांसिस को उनके 11 साल के पोप कार्यकाल के दौरान एलजीबीटी समुदाय तक पहुंच के लिए पहचाना जाता है। 2013 में पोप ने कहा था कि अगर कोई व्यक्ति समलैंगिक है और ईश्वर की तलाश करता है और उसकी इच्छा अच्छी है, तो मैं फैसला करने वाला कौन होता हूं?

## चीन में पूर्व बैंकर को मौत की सजा... अपने आप में एक दुर्लभ मामला

बीजिंग। चीन की एक अदालत ने 151 मिलियन डॉलर की रिश्वत लेने के लिए एक पूर्व बैंकर को मौत की सजा सुनाई है। यह अपने आप में एक दुर्लभ मामला है। चीन हुआरोंग इंटरनेशनल होल्डिंग्स के पूर्व जनरल मैनेजर बाई तियानहुई को तियानजिन की एक अदालत ने मौत की सजा सुनाई। बाई तियानहुई से जीवन भर के लिए उनके राजनीतिक अधिकार छीनकर उनकी सारी निजी संपत्ति जब्त कर ली गई। अदालत ने कहा कि उनकी अवैध कमाई की वसूली की जाएगी और देश के खजाने में जमा कर दिया जाएगा। कोर्ट ने कहा कि बाई ने बड़ी रकम के बदले परियोजनाओं के अधिग्रहण और वित्तपोषण में दूसरों की मदद करने के लिए अपने पद का फायदा उठाया। अदालत के फैसले में कहा गया कि बाई ने रिश्वतखोरी का अपराध किया है। इसमें शामिल रिश्वत की रकम बहुत बड़ी थी। 2012 में सत्ता संभालने के बाद से चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भ्रष्टाचार विरोधी अभियान में कई चीनी अधिकारियों को कड़ी सजा दी जा चुकी है। लेकिन मौत की सजा बेहद दुर्लभ है क्योंकि उनमें से ज्यादातर अपना अपराध कबूल कर लेते हैं और लंबी अवधि की जेल के लिए तैयार हो जाते हैं। बाई भ्रष्टाचार के लिए मौत की सजा पाने वाली चीन के दूसरे हुआरोंग अधिकारी हैं।

## फ्लाइट के अंदर नग्न होकर दौड़ने लगा यात्री.....फिर हुआ क्या

केनबरा। ऑस्ट्रेलिया की एक घरेलू फ्लाइट में तब अफरा-तफरी मच गई, जब उसकी गैलरी में एक यात्री नग्न होकर दौड़ने लगा। इस दौरान यात्री ने फ्लाइट अटेंडेंट को गिरा दिया और विमान को वापस लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा। आरोपी व्यक्ति को पुलिस ने एयरपोर्ट पर गिरफ्तार कर लिया। घटना वर्जिन ऑस्ट्रेलिया एयरलाइंस की एक फ्लाइट में हुई, जो पर्थ से पूर्वी तट पर मेलबर्न के लिए तय थी। एयरलाइन के एक बयान में कहा गया है कि उड़ान एक परेशान करने वाले यात्री की वजह से पर्थ हवाई अड्डे पर लौट आई। ऑस्ट्रेलियाई फेडरल पुलिस अधिकारी रनवे पर फ्लाइट के लौटने का इंतजार कर रहे थे और जैसे ही फ्लाइट लैंड हुई 'यात्रा में परेशानी खड़ी करने वाले शख्स' को उतार दिया गया। पुलिस ने कहा, एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया क्योंकि वह कथित तौर पर उड़ान के बीच विमान में नंगा होकर दौड़ने लगा और क्रू मेंबर के एक सदस्य को फर्श पर गिरा दिया। यह साफ नहीं हो सका है कि विमान में यात्री ने अपने कपड़े कैसे और कहां उतारे। पुलिस को उम्मीद है कि वह उस व्यक्ति को 14 जून को पर्थ की अदालत में पेश होने के लिए समन जारी करेगी। हालांकि, शख्स को किन आरोपों का सामना करना पड़ेगा, यह अभी तय नहीं हुआ है। इस पूरी घटना के लिए एयरलाइन ने फ्लाइट में सवार अन्य यात्रियों से माफी मांगी और कहा कि यात्रियों और क्रू मेंबर की सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता थी।

## पाकिस्तान में मोदी की हार और राहुल गांधी की जीत के लिए मांगी जा रहीं दुआएं

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हार और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की जीत के लिए दुआएं मांगी जा रहीं है। इस आशय का खुलासा पाकिस्तान के पूर्व मंत्री ने किया है। पूर्व पाकिस्तानी मंत्री ने राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल और ममता बनर्जी की जीत की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है। पाकिस्तानी के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी के मन में इस बात की आशंका है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार भारत में सरकार बना सकते हैं।



दक्षिण कोरिया में उत्तरी कोरिया का एक बैलून आसमान में उड़ते हुए।

## टग ऑफ वॉर में भारत ने चीन को चटाई धूल, वीडियो वायरल



खारतूम। भारत और चीन के बीच सीमा विवाद एक बड़ा मुद्दा है। इसको लेकर आए दिन खबरे मिलती रहती है और विपक्ष भी सरकार पर हमलावर रहता है। इस सबके बीच भारतीय सेना के जवानों ने टग ऑफ वॉर (रस्साकशी का खेल) में चीनी सैनिकों को धूल चटा दी और उन्हें शिकस्त का सामना करना पड़ा। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा मिशन के तहत सूडान, अफ्रीका में तैनाती के दौरान भारतीय सैनिकों और चीनी सैनिकों के बीच टग ऑफ वार प्रतियोगिता हुई। सेना के अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि टग ऑफ वॉर में भारत और चीन दोनों देशों के सैनिक आमने-सामने थे। ये बहुत ही रोमांचक मुकाबला हुआ इसमें भारतीय सैनिकों ने चीनी सैनिकों को शिकस्त दी। इसमें भारतीय सैनिक जीत के बाद जश्न मनाते नजर आ रहे हैं। वहीं वीडियो वायरल होने के बाद भारतीय लोग भी गर्व महसूस कर रहे हैं। बता दें कि शीत युद्ध के बाद से संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा मिशन को युद्ध को जल्द खत्म करने, नागरिकों की रक्षा करने तथा दीर्घकालीन शांति एवं सुरक्षा को समर्थन देने के उद्देश्य से तैयार किया गया। इसके लिए शांति समझौतों को लागू करने में सैन्य कार्रवाई और कूटनीति की जरुरत होती है। इसमें संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के सैनिक, पुलिस और आम नागरिक शामिल होते हैं। यह उन इलाकों में तैनात किए जाते हैं जहां कोई देश या संस्था शांति स्थापित नहीं कर सकती है।

# हमने भारत के साथ हुए समझौते का किया उल्लंघन... यह हमारी गलती

### -पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने स्वीकारा



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ ने माना कि 28 मई, 1998 को पाकिस्तान ने पांच परमाणु परीक्षण किए थे। उसके बाद, भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी यहां आए और पाकिस्तान के साथ एक समझौता किया था लेकिन हमने उस समझौते का उल्लंघन किया...यह हमारी गलती थी।

नवाज शरीफ ने अपनी पार्टी की एक बैठक में स्वीकार किया कि पाकिस्तान ने 1999 के लाहौर समझौते का उल्लंघन किया था। भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। शरीफ ने परोक्ष रूप से जनरल परवेज मुशर्रफ के कारगिल में घुसपैठ का जिक्र करते हुए कहा यह हमारी गलती थी। लाहौर समझौता, दो पड़ोसियों के बीच एक शांति समझौता है, जिसमें शांति और सुरक्षा बनाए रखने और दोनों देशों के बीच पिपुल-टू-पिपुल कॉन्टेक्ट को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया था। नवाज शरीफ के बताए अनुसार पाकिस्तान ने कुछ ही समय बाद कारगिल में घुसपैठ कर इसका उल्लंघन किया था। इसी घुसपैठ के कारण कारगिल युद्ध हुआ था।

पाकिस्तान के तब आर्मी चीफ रहे परवेज मुशर्रफ ने अपनी सेना को गुप्त रूप से मार्च 1999 में जम्मू कश्मीर के कारगिल जिले में घुसपैठ का आदेश दिया था। भारत को जब इस घुसपैठ का पता चला तो युद्ध छिड़ गया। भारत ने यह युद्ध जीत लिया था। दरअसल, आज पाकिस्तान ने अपने पहले परमाणु परीक्षण की 26वीं वर्षगांठ मनाई है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) या पीएमएलएन की एक बैठक में शरीफ ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने पाकिस्तान को परमाणु परीक्षण से रोकने के लिए पांच अरब अमेरिकी डॉलर की पेशकश की थी, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया था। उन्होंने इमरान खान पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जैसे लोग अगर मेरी सीट पर होते तो उन्होंने क्लिंटन का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया होता। बता दें पनामा पेपर्स मामले में पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद तीन बार के प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ को अपना पीएम पद छोड़ना पड़ा था। बाद में वह ब्रिटेन चले गए थे। इसके छह साल बाद वह विगत दिवस निर्विरोध पीएमएल-एन के अध्यक्ष चुने गए हैं। नवाज ने अपने खिलाफ तमाम मामलों को झूठा बताया, जिसकी वजह से उन्हें 2017 में प्रधानमंत्री पद छोड़ना पड़ा था। उन्होंने 2014 में प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए आईएसआई प्रमुख से मिले संदेश का भी जिक्र करते हुए कहा कि जब मैंने इनकार कर दिया तो उन्होंने मुझे उदाहरण बनाने की धमकी दी थी।

## राफा शहर पर इजरायली हमलों से विस्थापित फिलिस्तीनियों की मौत ... गुस्साया अरब

### -सऊदी अरब, यूएई, कतर सहित कई देशों ने इजरायल को निशाने पर लिया

**रियाद (एजेंसी)।** रफाह शहर में इजरायल रविवार से लगातार हमले कर रहा है जिसमें कई विस्थापित फिलिस्तीनियों की जान गई है। विस्थापितों के टेंटों पर हुए एयरस्ट्राइक में 46 लोग मारे गए, जिसमें से अधिकतर महिलाएं और बच्चे थे। फिलिस्तीनी प्राधिकरण ने कहा कि इजरायल ने जानबूझकर विस्थापितों को निशाना बनाया और हवाई हमले किए।

इजरायली हमले में फिलिस्तीनियों की मौत पर अरब दुनिया में भारी आक्रोश है। सऊदी अरब, यूएई, कतर सहित कई अरब देशों ने हमले के लिए इजरायल को निशाने पर लिया है। सऊदी अरब ने रफाह में विस्थापितों पर इजरायल के हमले की कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में इजरायली सेना द्वारा अंतरराष्ट्रीय और मानवीय कानूनों के जबरदस्त उल्लंघन को खारिज कर दिया गया। सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान ने कहा कि गाजा में जो मानवीय स्थिति बन रही है, उसे किसी भी तरह से स्वीकार नहीं किया जा सकता है। अरब के एक और महत्वपूर्ण देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने रफाह में इजरायली हमले की निंदा कर कहा कि इजरायल रफाह में रह रहे विस्थापितों को निशाना बना रहा है। यूएई के विदेश मंत्रालय ने बयान में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के फैसले को लागू करने पर जोर दिया जिसमें मांग की गई थी कि इजरायल रफाह में अपनी सैन्य कार्रवाई को तुरंत रोके।

वहीं मिस्र के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि मिस्र फिलिस्तीनी शहर रफाह में विस्थापित लोगों के तंबुओं पर जानबूझकर हुए इजरायली हवाई हमले की कड़ी शब्दों में निंदा करता है, जिसमें सैकड़ों लोग हताहत हुए हैं। हवाई हमले को अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के प्रावधानों और युद्ध के समय में नागरिकों की सुरक्षा पर 1949 के चौथे जेनेवा कन्वेंशन का घोर उल्लंघन बताया गया है।

अरब देश जॉर्डन ने भी रफाह में इजरायली हमले की कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के फैसलों की घोर अवहेलना और अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवीय कानून का गंभीर उल्लंघन है। कुवैत ने भी इजरायली हमले की कड़ी निंदा इस हमलों को नरसंहार बताया। विदेश मंत्रालय ने कहा, यह हमला एक अभूतपूर्व नरसंहार और जबरदस्त युद्ध अपराध है।


## 10 अक्टूबर 2024 को अंतरिक्ष में होगी एक अनोखी खगोलीय घटना

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** इस साल अंतरिक्ष में एक नया अनुभव खगोलविदों देखने को मिलेगा। पूर्ण सूर्य ग्रहण और ऑरोरा बोरेलिस के बाद स्काईगेजर्स के लिए एक नई खगोलीय घटना आ रही है। स्काईगेजर्स को एक दुर्लभ अंतरिक्ष घटना दिखेगी, जिसमें धूमकेतु त्सुचिनशान-एटीएलएएस (सी/2023 ए3) शामिल है। ये रात में अपनी चमक बढ़ाने की प्रक्रिया में है। इस धूमकेतु ए3 की ऑर्बिट मंगल और बृहस्पति के बीच है। इसे पूरा होने में 80,000 साल लगे और इस अभी केवल दूरबीन से ही देखा जा सकता है।

धूमकेतुओं के बारे में भविष्यवाणी करना आसान नहीं है, लेकिन खगोलविदों ने उनके पथों का अध्ययन करने के बाद बताया है कि उन्हें कहां और कैसे देखा जा सकता है। यह खगोलीय पिंड अक्टूबर के दौरान चमकदार हो जाएगा और शुक्र ग्रह जितना चमकीला हो जाएगा। इस तरह यह लाखों धूमकेतुओं की मेजबानी करने वाले ऊर्ट क्लाउड नामक पिंड से आने के बाद कॉमेट ऑफ ईयर बन जाएगा। यह 10 अक्टूबर 2024 को सूर्य के सबसे करीब उड़ान भरेगा और उत्तरी गोलार्ध से दिखाई देगा। ए3 धूमकेतु को संभवतः अक्टूबर और नवंबर के दौरान नग्न आंखों से देखा जा सकता है। वैज्ञानिकों ने बीते साल सूर्य के करीब से गुजरने वाले सी/2023 ए3 नाम के नए धूमकेतू की खोज की थी। अनुमान के मुताबिक 80,660 साल में यह सूर्य की एक परिक्रमा करता है। इसे पहली बार 22 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका में एस्टेरॉयड टेरेस्ट्रियल-इम्पैक्ट लास्ट अलर्ट सिस्टम टेलीस्कोप में देखा गया था। चीन के पर्पल माउंटेन ऑब्जर्वेटरी के खगोलविदों ने 9 जनवरी को इस धूमकेतु की स्वतंत्र रूप से खोज की थी। ये धूमकेतु शनि और बृहस्पति ग्रह के बीच है। इस साल अक्टूबर में यह किसी तारे की तरह दिखाई देगा। यह धूमकेतु 290,664 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हमारे सौरमंडल में यात्रा कर रहा है। 13 अक्टूबर 2024 को इसके पृथ्वी के करीब से गुजरने की संभावना है। खगोलविदों का अनुमान है कि धूमकेतु हर 80, 660 वर्षों में सूर्य की एक बार परिक्रमा करता है। 28 सितंबर 2024 को यह सूर्य के सबसे करीब पहुंचेगा। धूमकेतु बर्फ और धूल की बनी चट्टान होती हैं और सूर्य के करीब से गुजरने के दौरान टूटने लगती हैं।

# फ्रांस-जर्मनी बोले-यूक्रेन को मिले रूस के अंदर जाकर हमले करने की इजाजत

### -रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दी थी चेतावनी



**पेरिस (एजेंसी)।** फ्रांस और जर्मनी के नेताओं ने कहा कि यूक्रेन को रूस के अंदर जाकर हमला करने की इजाजत दी जानी चाहिए जहां से यूक्रेनी क्षेत्र पर मिसाइलें दागी जा रही हैं, लेकिन अन्य ठिकानों पर नहीं। इससे पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चेतावनी दी थी कि नाटो के सदस्य यूक्रेन को रूस के अंदर हमला करने के लिए हथियारों का इस्तेमाल करने देने का प्रस्ताव देकर आग से खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे वैश्विक संघर्ष शुरू हो जाएगा।

एक रिपोर्ट के मुताबिक फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने जर्मनी के मेसेबर्ग में जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज के साथ पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हम यूक्रेन का समर्थन करते हैं लेकिन तनाव नहीं चाहते हैं, यह नहीं बदला है। हमारा मानना है कि यूक्रेन को रूस के अंदर उसके सैन्य ठिकानों को खत्म करने की इजाजत देनी चाहिए जहां से यूक्रेन पर मिसाइलें दागी जा रही हैं।


जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने कहा कि वह मैक्रों से सहमत हैं। उन्होंने कहा कि जब तक यूक्रेन संयुक्त राज्य अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय कानून सहित हथियारों की आपूर्ति करने वाले देशों द्वारा दी गई शर्तों को मानता है तो उसे अपनी रक्षा करने की इजाजत है। यूक्रेन जो कर रहा है उसके लिए अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत उसके पास पूरी संभावना है। उन्होंने कहा कि मुझे यह अजीब लगता है जब कुछ लोग यह तर्क देते हैं कि यूक्रेन को अपना बचाव करने और इसके लिए उपयुक्त उपाय करने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए।

रूस और यूक्रेन के बीच 24 फरवरी 2022 से शुरू हुआ युद्ध, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप में सबसे घातक युद्ध है। पश्चिमी देशों का मानना है कि पुतिन वैश्विक युद्ध के खतरे को बढ़ा रहे हैं, जबकि पश्चिमी नेता इसे कम करने की कोशिश कर रहे हैं. नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि नाटो के सदस्यों को यूक्रेन को पश्चिमी हथियारों के साथ रूस के अंदर तक हमला करने देना चाहिए। उनके इस विचार का ट्रान्साटलांटिक गठबंधन के कुछ यूरोपीय सदस्यों ने भी समर्थन किया है, लेकिन संयुक्त राज्य अमेरिका की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। वहीं जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने यूक्रेन को लंबी दूरी की टॉरस मिसाइलें देने से इनकार कर दिया है, जो संभावित मॉस्को तक पहुंच सकती हैं।

# सावधान और सतर्क हो जाएं.... दुनिया जल्दी ही एक और महामारी आने वाली

### -ब्रिटेन के पूर्व चीफ वैज्ञानिक का दावा

**लंदन (एजेंसी)।** ब्रिटेन के पूर्व चीफ वैज्ञानिक एडवाइजर सर पैट्रिक वालेंस ने कहा है कि दुनिया जल्दी ही एक और महामारी का सामना करने वाली है। इस माहमारी को रोकना तकरीबन नामुमकिन है। वालेंस ने चेतावनी देकर है कि एक और महामारी का आना निश्चित है। इसके बाद सरकार को इस ओर से पीठ करने की बजाय तैयारियों को प्राथमिकता देना चाहिए है। वालेंस का मानना है कि इलाज तक पहुंच और टीका कठोर उपायों की जररूत को कम कर सकता है, जैसा कि कोरोना के दौरान करने को मजबूर होना पड़ा था। बीते कुछ सालों में कोरोना वायरस से फैली महामारी ने दुनियाभर में लाखों लोगों की जान ली है। इसके बाद वालेंस की चेतावनी ने फिर चिंता को बढ़ा दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, वालेंस ने कहा कि आने वाले समय में चुनाव के बावजूद महत्वपूर्ण मुद्दों से निपटने पर भी जोर देने की जरूरत है। वालेंस के अनुसार, सबसे महत्वपूर्ण मामलों में से एक उभरते खतरों का शीघ्र पता लगाने के लिए बेहतर निगरानी की व्यवस्था स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि आसानी से उपलब्ध निदान, टीके और उपचार कोविड दौरान देखे गए कठोर उपायों की आवश्यकता को रोक सकते हैं। वालेंस ने कहा, सुधारों के लिए महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय समन्वय की आवश्यकता है। 2023 तक जी7 उन बिंदुओं को भूल ही गया था, जो उन्होंने 2021 में उठाए थे। ये नहीं चलता है, आप इसके बारे में नहीं भूल सकते। महामारी की तैयारियों के लिए पूरे दमखम से व्यवहार किया जाना चाहिए। हम जानते हैं कि हमारे पास एक सेना होनी चाहिए, इसलिए नहीं कि इस साल युद्ध होने वाला है, बल्कि हम जानते हैं कि एक राष्ट्र के रूप में हमें जो चाहिए उसका यह एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि हमें तैयारी में कोताही नहीं करनी है। इस आसान चीज के रूप में नहीं देखना चाहिए कि जब महामारी का कोई संकेत ना हो तब बेफिक्र बैठ जाएं। महामारी का कोई संकेत नहीं होगा और ये आ जाएगी। उन्होंने महामारी समझौते के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के दबाव का उल्लेख किया, जो देशों के लिए महामारी तैयारियों पर सहयोग करने के लिए एक प्रस्तावित समझौता है, जो उठाए जा रहे सकारात्मक कदमों में से एक है। फिर भी मुझे नहीं लगता कि पर्याप्त फोकस है।



# ठंड से सामंजस्य बिठाने के लिए भारतीय खिलाड़ियों ने ट्रेनिंग शुरु की

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** । दूधिया रोशनी में दो महीने तक आईपीएल में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम ने विराट कोहली के बिना टी20 विश्व कप के लिए यहां सुबह ट्रेनिंग सत्र के साथ अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। टी20 विश्व कप में भारत के सभी शुरूआती मैच सुबह साढ़े 10 बजे शुरू होंगे इसलिये सुबह के ट्रेनिंग सत्र को तवज्जो दी गयी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बाहर होने के बाद कोहली ने व्यक्तिगत काम के लिए ब्रेक लिया है और उनके शुक्रवार को टीम से जुड़ने की संभावना है। लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वह लंबी यात्रा के बाद शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले भारत के एकमात्र अभ्यास मैच में हिस्सा लेंगे या नहीं।

भारत में तेज गर्मी में 90 प्रतिशत मैच खेलने के बाद खिलाड़ी यहां सुबह के खुशनुमा मौसम के अनुरूप ढलने पर ध्यान लगायेंगे क्योंकि यहां तापमान 25 से 27 डिग्री सेल्सियस रहता है जिसमें बहुत कम आद्रता होती है। सुबह हल्की हवा में सफेद कूकाबूरा गेंद का सामना करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है और इसके लिए पूरी तरह से तैयार रहना होगा। यात्रा की थकानके बाद खिलाड़ियो को सुबह की इन परिस्थितियों के अनुरूप ढलना होगा। इसलिये सहयोगी स्टाफ ने नासाऊ काउंटी मैदान पर अभ्यास पिचों पर नेट सत्र में कौशल ट्रेनिंग शुरू करने से पहले खिलाड़ियों को परिस्थितियों के हिसाब से सांमजस्य बिठाने में मदद करने का फैसला किया।

टीम के 14 खिलाड़ियों ने शुरूआत हल्की 'जॉगिंग' से की, इसके बाद 'शटल रन' लगायी और कुछ 'फुट वॉली' भी की। स्ट्रेंथ एवं कंडिशनिंग कोच सोहम देसाई ने 'बीसीसीआई डॉट टीवी' से कहा, ''वे ढाई महीने हमारे साथ नहीं थे जिससे हमारा लक्ष्य है कि पता किया जाये कि वे अभी किस स्थिति में हैं और विश्व कप से पहले क्या करने की जरूरत है। पहला लक्ष्य धूप में 45 मिनट बिताने का है।'' उन्होंने कहा, ''खिलाड़ी 'टाइम जोन' के अनुकूल हो रहे हैं। आज हम अपना पहला मैदानी सत्र कर रहे हैं।''

खिलाड़ियों में न्यूयॉर्क में क्रिकेट खेलने की जिज्ञासा है। भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के अपने दौरों पर फ्लोरिडा में फोर्ट लॉडरहिल मैदान पर खेल चुकी है। आल राउंडर रविंद्र जडेजा ने कहा, ''पहली बार हम न्यूयॉर्क में क्रिकेट खेलेंगे, यह मजेदार होगा।'' उन्होंने कहा, ''हमने अभी तक क्रिकेट नहीं खेला है, हम आज यहां टीम गतिविधियों के लिए आये हैं। उम्मीद है कि यह अच्छा होगा। मौसम बहुत अच्छा है।'' उप कप्तान हार्दिक पंड्या खिली धूप और अच्छे मौसम से उत्साहित दिखे जबकि सूर्यकुमार यादव वहां के प्रवासी लोगों की क्रिकेट में दिलचस्पी के बारे में जानना चाहते थे।

सूर्यकुमार ने कहा, ''मैंने सुना है कि अमेरिका में क्रिकेट लोकप्रिय हो रहा है। इसलिये हम वास्तव में काफी उत्साहित हैं और पहला दिन शानदार था। इसलिये आने वाले दिनों के लिए काफी उत्साहित हैं।'' 2007 की चैम्पियन भारतीय टीम अपना टी20 विश्व कप



अभियान पांच जून को यहां आयरलैंड के खिलाफ करेगी जिसके बाद नौ जून को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ बड़ा मुकाबला होगा। इसके बाद भारतीय टीम का सामना 12 जून को मेजबान अमेरिका से होगा जिसके बाद वे फ्लोरिडा में लॉडरहिल में 15 जून को कनाडा से भिड़ेंगे। भारत ग्रुप में किसी भी स्थान पर रहे, उसे ए 1 में रखा जायेगा। फिर टीम टूर्नामेंट के सुपर आठ चरण के लिए कैरेबियाई सरजमीं पर रवाना होगी जहां वह आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और श्रीलंका से भिड़ेगी। भारतीय टीम का कोई भी खिलाड़ी 26 मई को चेन्नई में हुए आईपीएल फाइनल में नहीं खेला था।

# अपने आखिरी मैच से पहले बोले सुनील छेत्री- अपने खेल और टीम का ऋणी रहूंगा



**कोलकाता (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहने की दहलीज पर खड़े भारत के करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री ने बुधवार को कहा कि वह अपने साथी खिलाड़ियों और खेल के हमेशा ऋणी रहेंगे जिन्होंने हमेशा उनकी मदद करके इस मुकाम तक पहुंचाया। भारतीय टीम छह जून को कुवैत के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर खेलने यहां पहुंच गई है। छेत्री का यह आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच होगा।

छेत्री ने यहां पहुंचने पर कहा, 'ये आखिरी कुछ दिन है जो मेरे लिये दुविधा से भरे हैं। अब राष्ट्रीय टीम में मेरे कुछ ही दिन रह गए हैं। समझ नहीं आता कि हर दिन, हर अभ्यास सत्र की गिनती करूं या बिना इस बारे में सोचे खेलूं।' भारत के लिए 150 मैचों में 94 गोल करने वाले छेत्री ने कहा, 'मैंने अपने सत्र गिनने का फैसला किया है लेकिन कृतज्ञता के भाव से। कोई चिंता नहीं है बल्कि मैं अपनी टीम और इस खेल के प्रति सदैव ऋणी रहूंगा।'

वैसे तो फुटबॉल के दीवाने कोलकाता में भारतीय टीम के हर मुकाबले को लेकर रोमांच रहता है लेकिन यह मुकाबला अहम है। अगर भारत जीतता है तो पहली बार फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में पहुंच जाएगा। इसके साथ ही एएफसी एशियाई कप सउदी अरब 2027 के लिये स्वतः क्वालीफाई करने की दिशा में अगला कदम बढ़ाएगा।


# रोहित और विराट करियर के अंतिम दौर में आईसीसी खिताब जीतने उतरेंगे



**बेंगलुरू (एजेंसी)** । भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के पास 13 साल के बाद टीम को आईसीसी ट्रॉफी जिताने का अच्छा अवसर है। इन दोनो की ही उम्र 35 के ऊपर हो गयी है। ऐसे में अगले विश्वकप तक इनके टीम में रहने की संभावना नहीं है। इसलिए दोनो ही अपने करियर के अंतिम दौर में आईसीसी खिताब जीतना चाहेंगे।

अगला टी20 विश्व कप 2026 में है जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से करेंगे लेकिन तब रोहित 40 बरस के होने वाले होंगे और कोहली 38 वर्ष के होंगे। वहीं एकदिवसीय 50 ओवर प्रारूप का विश्व कप इसके एक और साल बाद होगा। खेल की स्ट्राइक रेट से जुड़ी प्रकृति में लगातार इजाफा हो रहा है और इसे देखते हुए इन दोनों को इनमें से किसी में भी खेलते हुए देखना संभव नहीं है। इसलिए रोहित और कोहली दोनों इस बार जीत के साथ विदा लेना चाहेंगे। अगर वे ऐसा कर पाते हैं तो यह 2007 टी20 विश्व कप और 2011 में 50 ओवर के विश्व कप के बाद उनका दूसरा विश्व खिताब होगा। और यह उन दो खिलाड़ियों के लिए एक बेहतरीन विदाई होगी जिन्होंने पिछले 17 वर्षों में भारत के सीमित ओवरों के क्रिकेट को प्रभावित किया है। रोहित ने सफेद गेंद के प्रारूपों में अपनी अलग पहचान बनाई पर वह अपने करियर में अधिकांश समय टेस्ट क्रिकेट में वह सफलता हासिल नहीं कर पाया। करियर के दूसरे हाफ में सलामी बल्लेबाज की भूमिका में हालांकि रोहित ने टेस्ट क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन किया। लेकिन कोहली और रोहित को टी20 विश्व कप में भारत के अभियान को आगे बढ़ाने के लिए इस प्रारूप में अपने विशाल अनुभव पर निर्भर रहना होगा।

# टीम इंडिया का हेड कोच बनने पर गौतम गंभीर का बयान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीसीसीआई ने अभी तक टीम इंडिया के हेड कोच के नाम की घोषणा नहीं की है। जिसके बाद टी20 वर्ल्ड कप के बाद भारतीय टीम का कोच कौन होगा ये सवाल अभी भी सभी के दिमाग में है। हाल ही में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस सप्ताह केकेआर की तीसरी खिताबी जीत के मेंटॉर रहे गौतम गंभीर को इस पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। इन चर्चाओं के बीच अब गौतम गंभीर की प्रतिक्रिया सामने आई है।

वहीं तमाम चर्चाओं के बीच गौतम गंभीर ने स्पोर्ट्क्रीड़ा के साथ एक शो के दौरान बाचतीच की। जिसमें उनसे उनके भविष्य के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने उसका बड़ा ही सरल जाह दिया।

दरअसल, उनसे पूछा गया कि गंभीर के लिए आगे क्या? जिस पर उन्होंने जवाब दिया कि, मेरे लिए, अब मेरे परिवार के साथ छुट्टियां हैं।

हालांकि, गंभीर के लिए भारत का कोच बनना आसान नहीं होने वाला है, जितना कि उनके लिए लखनऊ सुपर जायंट्स और केकेआर में जाना आसान था। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो गंभीर सभी विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। भारतीय कोचिंग के इतर भी उनके पास एक सफल टेलीविजन विशेषज्ञ और अब एक समान रूप से सफल कोच और सलाहकार के रूप में करियर के कई अवसर हैं। अब अगर वह भारतीय टीम के कोच बनते हैं तो उनको बाकी सभी ड्यूटियों से खुद को मुक्त करना होगा।

# टी20 विश्व कप में भारत-पाक मैच पर आतंकी हमले का खतरा

मुम्बई (ईएमएस)। टी20 विश्व कप में सभी प्रशंसक 9 जून को होने वाले भारत-पाकिस्तान मुकाबले का इंतजार कर रहे है पर वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले इस मैच में आतंकी हमले का खतरा भी मंडरा रहा है। ये आशंका आईएसआईएस के एक धमकी वाली संदेश से पैदा हुई है। इससे आयोजकों की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। आयोजकों के साथ ही इवेंट से जुड़े लोगों और टूर्नामेंट के लिए तैयार क्रिकेट प्रशंसकों के मन में भी डर व्याप्त हो गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार आईएसआईएस के सदस्यों ने अपने भड़काऊ संदेश में अपने आतंकियों से कहा, अपने हथियार तैयार करो, अपनी योजना बनाओ, और फिर उन्हें अंजाम दो। यह संदेश विशेष रूप से टी20 विश्व कप को लेकर आया है। इंटरनेट पर प्रसारित एक ग्राफिक पोस्टर का उपयोग करते हुए इस आतंकवादी संगठन का एक व्यक्ति राइफल के साथ नजर आया। साथ ही उसने अपनेसंदेश में कहा, आप मैचों का इंतजार करें और हम आपका इंतजार करेंगे। इससे पहले भी इस प्रकार की धमकी आईएसआईएस ने दी थी जिसके बाद जमैका सरकार ने कहा था कि सुरक्षा के सभी इंतजाम किये जाएंगे। साथ ही कहा था कि प्रशंसकों को डरने की जरुरत नहीं है। इस मामले में आईपीसी ने भी कहा था कि सुरक्षा में कोई कमी नहीं रहेगी।

# टी20 विश्व कप में जीत की सबसे बड़ी दावेदार है भारतीय टीम : मोर्गन

लंदन। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन ने कहा है कि भारतीय टीम अगले माह होने वाले टी20 विश्व कप में जीत की सबसे बड़ी दावेदार है। मोर्गन के अनुसार भारतीय टीम हमेशा ही खिताब के दावेदार के तौर पर उतरती है। गत वर्ष हुए एकदिवसीय विश्वकप में वह खिताब के करीब होकर भी उसे हासिल नहीं कर पायी थी। ऐसे में अब उसका लक्ष्य हर हाल में खिताब जीतना रहेगा। मोर्गन का मानना है कि भारतीय टीम के पास काफी प्रतिभा है। इसके साथ ही टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी में गहरायी है। भारतीय टीम में तकरीबन वही खिलाड़ी हैं जो एकदिवसीय विश्वकप में थे। हालांकि युवा यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और संजू सैमसन जैसे खिलाड़ियों को इस बार टीम में जगह मिली है। मोर्गन ने कहा, ''टूर्नामेंट में भारतीय टीम सबसे मजबूत है। उनकी मजबूती और गइराई शानदार है। वे मेरे लिए प्रबल दावेदार हैं, कागजों पर उनका स्तर काफी अच्छा है। जिसके अगर वे मैदान में अमल में लाते हैं तो वे टूर्नामेंट में किसी को भी आसानी से हरा सकते हैं।'' भारतीय टीम के पास इतने अधिक प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं कि शुभमन गिल खिलाड़ी को भी रिजार्व में ही जगह मिल पायी है। मोर्गन ने कहा, ''अगर मैं टीम का चयन कर रहा होता तो मैं यशस्वी जायसवाल की जगह शुभमन गिल को वरीयता देता। मैं उसके साथ खेला हूं, मुझे पता है कि वह कैसे सोचता है। मुझे पता है कि वह कैसे काम करता है।'' भारत लगभग हर टूर्नामेंट में प्रबल दावेदार के रूप में उतरता है लेकिन एक दशक से अधिक समय से वह आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाया है। ऐसे में इस बार उसका लक्ष्य किसी भी तरह से जीत दर्ज करना रहेगा।



# चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए टीम इंडिया को करना होगा पाकिस्तान का दौरा

नई दिल्ली । चैंपियंस ट्रॉपी 2025 पर बीसीसीआई और पीसीबी के बीच लटकी तलवार हटने का नाम ही नहीं ले रही है। टूर्नामेंट की मेजबानी पाकिस्तान के पास है, लेकिन अगर मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो टीम इंडिय पाकिस्तान का दौरान नहीं करेगी। हालांकि, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इस बात को ध्यान में रखते हुए टूर्नामेंट की तैयारी कर रहा है टीम इंडिया उनकी मेजबानी में खेली जाने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए आएगी। इस महीने की शुरुआत में भारतीय क्रिकेट बोर्ड यानी बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा था कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया का पाकिस्तान जाना सरकार के फैसले पर निर्भर करेगा। हालांकि, बावजू पाकिस्तान किसी भी तरह के प्लान बी की तरफ नहीं देख रहा है। जैसे 2023 में खेला गया एशिया कप हाइब्रिड मॉडल में हुआ था। पाकिस्तान उस तरह का कोई प्लान नहीं बना रहा है। बता दें कि, एशिया कप 2023 की मेजाबनी भी पाकिस्तान के पास थी, लेकिन टीम इंडिया ने टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान का दौरान नहीं किया था। टीम इंडिया के इंकार के बाद एशिया कप को हाइब्रिड मॉडल के तहत करवाया गया था। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट के सभी मैच श्रीलंका की मेजबानी में खेले थे, इसके अलावा एशिया कप के नॉकआउट मैच भी श्रीलंका में ही खेले गए थे। वहीं एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार पीसीबी किसी भई तरह के प्लान बी की तैयारी नहीं कर रहा है। पाकिस्तान बोर्ड इसी बात की उम्मीद लगाए हुए है कि टीम इंडिया टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगी। पाक बोर्ड ने हाइब्रिड मॉडल को अपनाने से इनकार किया है। साथ ही रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि, पाकिस्तान बोर्ड किसी दूसरे देश के साथ हाइब्रिड मॉडल को लेकर भी बात नहीं कर रहा है, जिससे भारतीय टीम कहीं और टूर्नामेंट के मैच खेल सके, जैसे एशिया कप 2023 में हुआ था। पाकिस्तान की तैयारी के मुताबिक टीम इंडिया को चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले लाहौर में खेलने हैं।



# अपने कदमों पर तो खड़ा हो गया, अभी इंडिया के लिए खड़ा होना बाकी है: ऋषभ पंत



**मुबंई (एजेंसी)** । आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के आधिकारिक प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स ने स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के साथ एक प्रोमो लॉन्च किया है। स्टार स्पोटर्स ने बुधवार को ट्वीट कर प्रोमो का वीडियो शेयर किया है जिसमें पंत के साथ बैकग्राउंड म्यूजिक के साथ कहा जा रहा है, 'दिल में एक कसक अभी बाकी है, दिल में एक धड़क अभी बाकी है, अपने कदमों पर तो खड़ा हो गया, अभी इंडिया के लिये खड़ा होना बाकी है।' वीडियो में ऋषभ पंत देश को गर्व, खुशी और आशा के साझा बैनर के तहत एकजुट करने की कोशिश कर रहे हैं। टीम इंडिया आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 में सबसे बड़े क्रिकेट गौरव के लिए तैयार है। यह देश और दुनिया के हर कोने में रहने वाले प्रत्येक भारतीय के लिए एक भारत के रूप में खड़े होने का समय है। यह हम भारतीयों के लिए समय है कि हम राष्ट्रगान के लिए एक भारत के रूप में एक साथ खड़े हों, नीले कपड़ों में मौजूद लोगों के प्रति अपना विश्वास व्यक्त करें और उनके साथ खड़े हों, जो हमारे देश का प्रतिनिधित्व कर रहे है।

# कोहली-जायसवाल टी20 वर्ल्ड कप में ओपनिंग करें, रोहित-स्काई इस नम्बर पर उतरें : वसीम जाफर

**नई दिल्ली(एजेंसी)** । पूर्व भारतीय क्रिकेटर वसीम जाफर ने कहा कि विराट कोहली और यशस्वी जायसवाल को आगामी टी20 विश्व कप 2024 में मेन इन ब्लू की ओर से ओपनिंग करनी चाहिए। टी20 विश्व कप एक से 29 जून तक वेस्टइंडीज और यूएसए में खेला जाएगा। मेन इन ब्लू एक जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश के साथ अपना एकमात्र अभ्यास मैच भी खेलेगा।

जाफर ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर कहा कि रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव को तीसरे और चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आना चाहिए। पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने स्पिन को अच्छी तरह से खेलने के लिए रोहित की प्रशंसा की। जाफर ने एक्स पर लिखा, 'कोहली और जायसवाल को विश्व कप में ओपनिंग करनी चाहिए (मेरी राय में)। रोहित और स्काई (सूर्यकुमार) को हमें मिलने वाली शुरुआत के आधार पर 3 और 4 नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। रोहित स्पिन को बहुत अच्छी तरह से खेलते हैं इसलिए 4 नंबर पर बल्लेबाजी करना चिंता का विषय नहीं होना चाहिए।'



भारत अपना टी20 विश्व कप अभियान 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ न्यूयॉर्क में नवनिर्मित नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में शुरू करेगा। इस बीच भारत और पाकिस्तान के बीच सबसे प्रतीक्षित ब्लॉकबस्टर मुकाबला 9 जून को होगा। वे बाद में टूर्नामेंट के सह-मेजबान यूएसए (12 जून) और कनाडा (15 जून) के साथ अपने ग्रुप ए मैचों को समाप्त करेंगे।

**भारतीय टीम** = रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), संजू सैमसन (विकेट कीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज। रिजर्व- शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और आवेश खान।

# ठाणे में कबड्डी खिलाड़ी की हत्या, कोच गिरफ्तार

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे शहर में पुलिस ने एक युवा खिलाड़ी की हत्या के आरोप में कबड्डी कोच को गिरफ्तार किया है एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 17 वर्षीय कबड्डी खिलाड़ी का शव 24 मई को शहर के कोलशेट इलाके में उसके घर से बरामद होने के बाद मंगलवार को नवी मुंबई के घनसोली से गणेश घंबीरराव (23) को गिरफ्तार किया गया। घंबीरराव ने पुलिस को बताया कि वह इस बात से परेशान था कि किशोरी दूसरे लड़कों से बात करती थी। घंबीरराव उसके घर गया और उसके साथ झगड़ा किया। उन्होंने बताया कि इसके बाद आरोपी ने रस्सी से उसका गला घोंट दिया और चाकू से वार किए। कपूरबावड़ी पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने कहा कि जांच के दौरान, परिवार के सदस्यों ने कबड्डी कोच पर शक जताया था।


# जोकोविच फ्रेंच ओपन में हर्बर्ट को हराकर दूसरे दौर में पहुंचे



पेरिस । सार्बिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच फ्रांस के पियरे ह्यूजेस हर्बर्ट को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गए है। मंगलवार को यहां दुनिया के नम्बर वन टेनिस खिलाड़ी जोकोविच ने दो घंटे 33 मिनट तक चले मुकाबले में ह्यूजेस हर्बट पर 6-4, 7-6, 6-4 से जीत दर्ज की। जोकोविच की 93वीं जीत है। जोकोविच रोलां गैरो पर तीन बार के विजेता हैं और अपनी नंबर एक रैंकिंग बचाने के लिए उन्हें एक बार फिर फाइनल में जगह बनानी होगी। दूसरे दौर में जोकोविच का मुकाबला स्पेन के खिलाड़ी रॉबटर कारबेलास बेइना से होगा।

# अर्जेंटीना की महिला फुटबॉल टीम में उठा विवाद

ब्यूनस आयर्स । अर्जेंटीना की राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टीम में विवाद के कारण तीन खिलाड़ियों ने नहीं खेलने की घोषणा कर दी है। इसमें गोलकीपर लॉरिना ओलिविरोस, डिफेंडर जूलिएटा क्रूज और मिडफील्डर लोरेना बेनिटेज जैसी खिलाड़ी शामिल हैं। वहीं अर्जेंटीना को तीन जून को कोस्टा रिका के खिलाफ एक मैत्री मैच खेलना है। ऐसे में उसकी मुश्किलें बढ़ गयी हैं। टीम छोड़ने वाली खिलाड़ियों ने बेतन बढ़ाने के साथ ही बेहतर सुविधाएं मांगी हैं। क्रूज ने सोशल मीडिया पर लिखा, ''हम एक ऐसी जगह पर पहुंच गए हैं जहां हम मांगते-मांगते थक गए हैं, हमें महत्व नहीं दिया जा रहा, हमारी बात नहीं सुनी जा रही और इससे भी खराब बात ये है कि हमारा अपमान हो रहा है। उन्होंने कहा, ''हमें अर्जेंटीना की महिला फुटबॉल राष्ट्रीय टीम में सुधार की जरूरत है और हम केवल पैसे के बारे में ही बात नहीं कर रहीं बल्कि इस दौरान मिलने वाले खाने पर भी बात कर रही हैं।'' क्रूज और बेनिटेज ने कहा कि राष्ट्रीय टीम के ट्रेनिंग सत्र के दौरान पर्याप्त पौष्टिक भोपन नहीं मिल रहा है। इसके अलावा फुटबॉल संघ ने उन्हें बताया कि दो मैत्री मैचों के लिए भुगतान भी नहीं किया जाएगा क्योंकि ये मुकाबले घरेलू मैदान पर होंगे।



# टी20 विश्व कप : सचिन तेंदुलकर के भारत-पाक मैच में मौजूद रहने की संभावना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय क्रिकेट टीम को एक बहुत ही खास व्यक्ति का समर्थन मिलेगा, क्योंकि दिग्गज सचिन तेंदुलकर के 9 जून को न्यूयॉर्क में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के मैच के दौरान मौजूद रहने की उम्मीद है।

आईसीसी के साथ मिलकर काम करने वाले एक सूत्र ने नाम न बताने की शर्त पर बताया, %हां, अगर सब कुछ ठीक रहा, तो सचिन न्यूयॉर्क में मैच देखेंगे और भारतीय टीम का उत्साहवर्धन करेंगे। यह अभी भी ज्ञात नहीं है कि वह खेल से पहले खिलाड़ियों से मिलेंगे या नहीं, लेकिन स्टैंड में उनकी मौजूदगी रोहित शर्मा और उनकी टीम के लिए मनोबल बढ़ाने वाली होगी, जो कि सबसे महत्वपूर्ण ग्रुप लीग मैच होगा।'

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अब तक के सबसे महान भारतीय क्रिकेटर तेंदुलकर अभी भी टेस्ट और वनडे क्रिकेट दोनों में रन बनाने के मामले में शीर्ष पर हैं। उन्होंने 1992 से 2011 के बीच छह 50 ओवर के विश्व कप खेले हैं। इससे पहले वे ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2015 के वनडे विश्व कप के दौरान आईसीसी के 'ब्रांड एंबेसडर' भी रह चुके हैं।

एक जून को बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच से पहले अधिकांश भारतीय खिलाड़ी न्यूयॉर्क पहुंच चुके हैं। टीम ने कुछ दिनों के आराम के बाद हल्का प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। उप-कप्तान हार्दिक पांड्या ने न्यूयॉर्क से कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें टीम को हल्की जॉगिंग करते हुए देखा जा सकता है। इससे पहले भारत के खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे और अर्शदीप सिंह सैर-सपाटे के लिए न्यूयॉर्क की सड़कों पर निकले थे। तीनों ने प्रशंसकों के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं।

# जीएसटी ढांचा चार स्लैब से घटाकर तीन स्लैब करने की तैयारी

## -दरों को तर्कसंगत बनाने की प्रक्रिया पर नए सिरे काम शुरू




**नई दिल्ली।**

चालू वित्त वर्ष के दौरान वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था में व्यापक बदलाव की तैयारी की जा रही है जिसके तहत जीएसटी ढांचे को चार स्लैब से घटाकर तीन स्लैब किया जा सकता है। इसकी जानकारी रखने वाले एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जीएसटी परिषद के तहत केंद्र और राज्यों के अधिकारियों की फिटमेंट समिति ने राजस्व तटस्थ ढांचा तैयार करने के लिए जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने की प्रक्रिया पर नए सिरे काम करना शुरू कर दिया है। इसमें कुछ दरों और विशेष तौर पर 12 फीसदी दर को हटाने की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। मौजूदा दर ढांचे में 5 फीसदी, 12 फीसदी, 18 फीसदी की मानक दरें और 28 फीसदी की अधिकतम दर शामिल है। इसके अलावा इसमें कुछ वस्तुओं और सेवाओं के लिए शून्य और विशेष दरें भी हैं। फिटमेंट समिति ने इसको लेकर बैठक भी शुरु कर दी है। समिति कर की दरों और उसमें संभावित सुधार के लिए इनपुट तैयार कर रही है। इसे जीएसटी दरों में बदलाव का सुझाव देने के लिए मंत्रियों के समूह के सामने पेश किया जाएगा। राजस्व विभाग ने उम्मीद जताई है कि जीएसटी की संशोधित दरें चालू वित्त वर्ष में ही लागू हो जाएंगी। अधिकारी ने कहा कि दरों को तर्कसंगत बनाना पहली प्राथमिकता है क्योंकि कुछ कमियों को दूर करने के लिए मौजूदा कर ढांचे को उपयुक्त बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जुलाई में बजट के बाद परिषद की बैठक में दरों में बदलाव की रूपरेखा पर चर्चा हो सकती है।

यह पहल ऐसे समय हो रही है जब जीएसटी संग्रह अप्रैल में 2 लाख करोड़ रुपये के पार हो चुका था। साल के दौरान मासिक जीएसटी संग्रह 1.7 से 1.8 लाख करोड़ रहने उम्मीद है। इस पर टिप्पणी के लिए वित्त मंत्रालय को भेजे गए ईमेल का अभी तक कोई जवाब नहीं आया है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि दरों को तर्कसंगत बनाए जाने से सभी स्लैब में चीजें बदल सकती हैं। इसलिए इस मुद्दे पर कोई भी निर्णय विचार करने के बाद ही लिया जाएगा।

# चारों महानगरों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में नहीं आया बदलाव



**नई दिल्ली ।**

घरेलू बाजार में बुधवार को चारों महानगरों में ईंधन की कीमतों में बदलाव नहीं आया। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में सभी राज्यों में इसलिए अंतर होता है क्योंकि राज्य सरकारें अपने-अपने स्तर से वैट और अन्य टैक्स लगाती हैं। आज दिल्ली समेत अन्य महानगरों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

राजधानी दिल्ली में आज पेट्रोल की कीमतें 94.72 रुपये जबकि डीजल की 87.62 रुपये प्रति लीटर पर हैं। वहीं मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.21 रुपये और डीजल की कीमत 92.15 रुपये प्रति लीटर है। -कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.94 रुपये और डीजल की कीमत 90.76 रुपये प्रति लीटर है। -चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.75 रुपये जबकि डीजल की कीमत 92.34 रुपये प्रति लीटर है।

वहीं अन्य शहरों की बात करें तो नोएडा में पेट्रोल 94.65 रुपये जबकि डीजल 87.75 रुपये पर है। आगरा में आज पेट्रोल 94.70 रुपये। वहीं डीजल 87.79 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। लखनऊ में आज पेट्रोल 94.65 रुपये और डीजल 87.76 रुपये है। गाजियाबाद में आज पेट्रोल का भाव 94.65 रुपये है, तो वहीं डीजल 87.75 रुपये पर बिक रहा है। मुजफ्फरनगर में आज पेट्रोल 94.63 रुपये है, और डीजल के दाम 87.72 रुपये हैं। राजस्थान के जोधपुर में पेट्रोल का दाम 104.70 रुपये है, तो वहीं डीजल 91.20 रुपये पर बिक रहा है। चंडीगढ़ में आज पेट्रोल 94.24 रुपये है, तो वहीं डीजल 82.40 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है. जोधपुर में आज पेट्रोल का दाम 104.70 रुपये है, तो वहीं डीजल 91.20 रुपये बिक रहा है. जयपुर में आज पेट्रोल के दाम 104.88 हैं तो वहीं डीजल 90.36 रुपये है. पटना में आज पेट्रोल का रेट 105.18 रुपये है, तो वहीं डीजल के दाम 92.04 रुपये हैं.

# भारत में ग्राहकों के लिए रेडमी ए3 एक्स लॉन्च

## -मेटालिक कलर के साथ सेंट्रली अलाइंड कैमरा मॉड्यूल मौजूद



**नई दिल्ली ।**

चाइनीज कंपनी शाओमी ने अपने ग्राहकों के लिए रेडमी ए3 एक्स को लॉन्च किया है। फोन में 3जीबी रैम और 64जीबी स्टोरेज दी गई है।इस फोन में 90 एचझेड रिफ्रेश रेट वाली 6.71-इंच की स्क्रीन दी गई है, जबकि रियर पैनल ग्लास से ढका हुआ है और इसमें मेटालिक कलर के साथ सेंट्रली अलाइंड कैमरा मॉड्यूल मौजूद है। कंपनी का ये लेटेस्ट मोबाइल ए सीरीज़ का लेटेस्ट मॉडल है, और इसमें यूनिसोक टी603 मोबाइल प्रोसेसर मिलता है। शाओमी रेडमी ए3 एक्स एंड्रॉयड 14 पर काम करता है, और पावर के लिए फोन 5,000 एमएएच की बैटरी दी गई है, जो 15 वॉट चार्जिंग को सपोर्ट करती है।डुअल-सिम वाला रेडमी ए3 एक्स एंड्रॉयड 14 पर बेस्ड एमआईयूआई 14 आउट-ऑफ-द-बॉक्स पर काम करता है।इस फोन में 90॥5 रिफ्रेश रेट और गोरिल्ला ग्लास 3 की प्रोटेक्शन मिलती है, और इसमें 6.71-इंच की एलसीडी स्क्रीन दी गई है।कंपनी ने रेडमी ए3 एक्स को ऑक्टा कोर यूनिसोक टी603 चिपसेट से लैस किया है, जिसे 3जीबी रैम के साथ जोड़ा गया है। बैटरी के तौर पर इस फोन में 5000 एमएएच बैटरी के साथ 15वॉट की चार्जिंग मिलती है।

कनेक्टिविटी ऑप्शन के तौर पर इस फोन में 4जी एलटीई, वायफाय, ब्लूटूथ 5.4, जीपीएस और एक यूएसबी टाइप-सी पोर्ट मिलता है।इस फोन में बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन के लिए साइड माउंटेड फिंगरप्रिंट स्कैनर दिया गया है। फोन का साइज़ 168.3गुणा 76.3गुणा 8.3 एमएम और वजन 199 ग्राम है.कैमरे के तौर पर आपको इस रेडमी ए3 एक्स पर 8 मेगापिक्सल का रियर कैमरा मिलता है।साथ में एक सेकेंडरी कैमरा भी मिलता है।फोन में यूज़र्स को वॉटरड्रॉप स्टाइल नॉच में 5-मेगापिक्सेल का सेल्फी कैमरा दिया गया है, और इससे यूज़र्स को जबरदस्त वीडियो कॉलिंग की सुविधा मिलेगी।

# केंद्र ने इंटरनेशनल फर्जी कॉल को ब्लॉक करने का दिए निर्देश




**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार ने दूरसंचार कंपनियों को भारतीय मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने वाली सभी इनकमिंग इंटरनेशनल फर्जी कॉल को ब्लॉक करने का निर्देश दिये है। जारी बयान में दूरसंचार विभाग ने कहा कि यह बताया गया है कि जालसाज भारतीय नागरिकों को भारतीय मोबाइल नंबर दिखाकर इंटरनेशनल फर्जी कॉल कर रहे हैं और साइबर क्राइम और फाइनेंशियल फ्रॉड कर रहे हैं!

बयान के अनुसार, प्रतीत होता है कि ऐसी कॉलें भारत के भीतर से उत्पन्न हो रही हैं, लेकिन विदेशों से साइबर अपराधियों द्वारा कॉलिंग लाइन आइडेंटिटी में हेरफेर करके की जा रही हैं और फर्जी डिजिटल गिरफ्तारियों, फेडएक्स घोटाले, ड्रग्स या कूरियर में नशीले पदार्थों, सरकारी और पुलिस अधिकारी बनकर बात करने, डीओटी या ट्राई अधिकारी बनकर मोबाइल नंबरों को बंद करना आदि जैसे हाल के मामलों में इसका दुरुपयोग किया गया है।

दूरसंचार विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार भारतीय लैंडलाइन नंबरों के साथ आने वाली इंटरनेशनल फर्जी कॉलों को टीएसपी द्वारा पहले से ही ब्लॉक किया जा रहा है।बयान के अनुसार, 'डीओटी और टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर ने ऐसी इंटरनेशनल फर्जी कॉलों की पहचान करने और उन्हें किसी भी भारतीय टेलीकॉम ग्राहक तक पहुंचने से रोकने के लिए एक सिस्टम तैयार की है।अब ऐसी आने वाली इंटरनेशनल फर्जी कॉलों को रोकने के लिए टीएसपी को निर्देश जारी किए गए हैं.'

# गौतम अदाणी खरीदेंगे पेटीएम!

## कंपनी ने कहा अटकलबाजी

**नई दिल्ली।**

वन97 कम्युनिकेशंस ने मीडिया रिपोर्ट का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया था कि गौतम अदाणी फिनटेक कंपनी पेटीएम में हिस्सा खरीदने के लिए पेटीएम के फाउंडर और सीईओ विजय शेखर शर्मा से बातचीत कर रहे हैं। कंपनी ने कहा कि इस तरह की खबरें अटकलबाजी हैं और कंपनी ऐसे किसी भी चर्चा में शामिल नहीं है। हमने हमेशा सेबी के तहत अपने दायित्वों के अनुपालन में हमेशा डिस्क्लोजर्स दिए हैं और आगे भी देते रहेंगे। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पेटीएम के संस्थापक और सीईओ विजय शेखर शर्मा ने अदाणी ग्रुप के साथ डील फाइनल करने के लिए अहमदाबाद में अदाणी के दफ्तर गए थे लेकिन यह डील पूरी हो जाती है, तो अदाणी ग्रुप बंदरगाहों से हवाई अड्डों के समूह का प्रतीक होगा। साथ ही फिनटेक सेक्टर में प्रवेश करने पर अदाणी समूह गूगल पे, वॉलमार्ट के स्वामित्व वाले फोनपे और मुकेश अंबानी की जियो फाइनेंशियल जैसे कंपनियों को टक्कर देना वाला होगा। गौरतलब है कि इससे पहले अदाणी ग्रुप ने अपने कारोबार का विस्तार करने के लिए सीमेंट निर्माता एसीसी सीमेंट और अंबुजा सीमेंट्स का अधिग्रहण किया था। साथ ही बीते वित्त वर्ष मीडिया फर्म एनडीटीवी को भी अपने पोर्टफोलियो में शामिल कर लिया था।

डिजिटल पेमेंट फर्म पेटीएम का एकीकृत नुकसान वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में बढ़कर 549.6 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष में इस अवधि में यह 168.4 करोड़ था। क्रमिक आधार पर नुकसान तीसरी तिमाही के 219.8 करोड़ रुपए के मुकाबले दोगुना हो गया।

वित्त वर्ष 2024 में कंपनी ने 1,417 करोड़ रुपए का नुकसान उठाया जो वित्त वर्ष 2023 में 1,776.5 करोड़ था। कंपनी की शुद्ध आय सालाना आधार पर चौथी तिमाही में 2.6 फीसदी घटकर 2,398.8 करोड़ रह गई जो वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में 2,464.6 करोड़ रुपए थी।

# 2025 के अंत तक 26,500 के स्तर को छू लेगी निफ्टी




**नई दिल्ली।**

एमके ग्लोबल फाइनैंशियल सर्विसेज की पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विसेज (पीएमएस) इकाई एमके इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स को उम्मीद है कि इस साल अंत तक निफ्टी-50 इंडेक्स 24,500 के पार हो जाएगी, जबकि दिसंबर 2025 तक यह 26,500 के स्तर को छू लेगी। 50 ब्लूचिप कंपनियों के शेयर वाले इंडेक्स का बंद होने का स्तर 22,888 रहा है और इस तरह से इसमें अगले 18 महीने में 16 फीसदी का इजाफा हो सकता है। यह बढ़ोतरी आय में 15 फीसदी बढ़ोतरी के सहारे से ही होगी। परिसंपत्ति प्रबंधक को उम्मीद है कि वित्तीय क्षेत्र, इंडस्ट्रियल्स और सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियों का प्रदर्शन अच्छा रहेगा।




# 100 रुपये से कम के यूपीआई ट्रांजेक्शन पर नहीं आएगा संदेश

## एचडीएफसी बैंक 25 जून से लागू करने जा रही यह सुविधा

**मुंबई ।** निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक, एचडीएफसी बैंक अपने लाखों ग्राहकों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा लेकर आया है। बैंक के ग्राहकों को एक निश्चित रकम से कम अमाउंट का यूपीआई ट्रांजेक्शन करने पर संदेश नहीं मिलेगा। यह फैसला बैंक ने कर लिया है, लेकिन फैसले को तत्काल प्रभाव से लागू नहीं किया जा रहा है। इस निर्णय को अगले महीने 25 जून से लागू किया जा रहा है। इसके तहत यदि आप किसी को यूपीआई के जरिये 100 रुपये से ज्यादा रकम भेजते हैं, तभी एसएमएस अलर्ट भेजा जाएगा। इस तरह यदि आप 500 रुपये से ज्यादा रकम प्राप्त करते हैं, तभी एसएमएस अलर्ट भेजा जाएगा। बैंक ने स्पष्ट किया है कि ईमेल अलर्ट पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। ग्राहकों सभी ट्रांजेक्शन पर पहले की तरह ईमेल अलर्ट मिलता रहेगा। बैंक ने सभी ग्राहकों को कहा है कि वे अपना इमेल अपडेट कर लें। ईमेल अपडेट करने के लिए बैंक ने सभी ग्राहकों को एक लिंक भी भेजा है। अभी तक एचडीएफसी बैंक हर ट्रांजेक्शन पर आपको संदेश भेजता है। मतलब कि जब आप कोई पेमेंट करते हैं या आपके खाते में कहीं से पैसे आते हैं तब उस बारे में तुरंत आपको एसएमएस मिलता है। चाहे यह ट्रांजेक्शन 10 रुपये का क्यों नहीं हो। अब यह व्यवस्था खत्म होगी और अगले महीने से नई व्यवस्था लागू हो जाएगी।

# 11 साल में ग्वारगम का निर्यात 86 फ़ीसदी घटा

**जोधपुर ।** भारत से दुनिया के देशों में ग्वारगम का निर्यात बड़ी मात्रा में होता था। पिछले 11 वर्षों में इसका निर्यात 86 फ़ीसदी घट गया है। राजस्थान के जोधपुर से ही निर्यात किए जाने वाले ग्वारगम का लगभग 60 फ़ीसदी हिस्सा होता था। जिसके कारण जोधपुर को सबसे ज्यादा आर्थिक नुकसान हुआ है। वर्ष 2023-24 में मात्र 3500 करोड रुपए का ग्वारगम भारत से विदेश में निर्यात किया गया है। 2012-13 में जोधपुर से 25000 करोड रुपए का ग्वारगम निर्यात किया गया था। 12 साल पहले ग्वार गम का भाव 1200 रूपये प्रति किलोग्राम था। जो अब घटकर 120 रूपये प्रति किलो रह गया है। ग्वार गम के अन्य कई विकल्प आ जाने के कारण, दुनिया भर के देशों में इसकी मांग घटी है। मांग घटने से कीमत भी घट गई है। राजस्थान में ग्वारगम के करीब 120 उद्योग थे। अब मात्र 25 रह गए हैं। जिसके कारण यहां पर बेरोजगारी भी बड़ी तेजी के साथ बढ़ी है। जो उद्योग चल रहे थे उनके बंद हो जाने से हजारों लोग बेरोजगार हो गए हैं।

# एलआईसी का सालाना प्रीमियम में दो अंक बढ़ाने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) इस वित्त वर्ष में सालाना प्रीमियम (एपीई) में दो अंकों की बढ़ोतरी का लक्ष्य कर रही है। इस बढ़ोतरी से नए उत्पादों और एजेंसी चैनलों को मजबूती मिलेगी। निगम के प्रबंधन ने नतीजों के बाद एनालिस्ट कॉल में बताया कि वे किसी एकल स्वास्थ्य बीमा कंपनी में हिस्सेदारी खरीदने के विकल्प को भी तलाशेंगे। जीवन बीमा उद्योग में नए कारोबार की बिक्री को मापने का सामान्य तरीका एपीई होता है। इसकी गणना सालाना नियमित प्रीमियमों में एकल प्रीमियमों का 10 फीसदी हिस्सा जोड़कर की जाती है। एलआईसी के चेयरमैन सिद्धार्थ मोहंती ने बताया कि वित्त वर्ष 2025 में अतिरिक्त बढ़ोतरी उत्पाद और चैनल दोनों से होगी। उन्होंने बताया कि हमने बीते वर्ष दिशा-निर्देश में बदलाव के चलते नॉन-पार सेगमेंट में कुछ उत्पाद लॉन्च किए थे और हमें वांछित परिणाम भी मिले थे। वित्त वर्ष 2024 में सालाना एपीई में गैर भागीदारी उत्पाद बढ़कर 18.32 फीसदी हो गए जबकि यह वित्त वर्ष 2023 में 8.89 फीसदी थे।




# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

## सेंसेक्स 667 अंक , निफ्टी 183 अंक नीचे आया




**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी होने से आई है। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के परिणामों से पहले निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं। इस दौरान विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने जमकर निकासी की है। जिससे भी घरेलू बाजार पर दबाव पड़ा है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 667.55 अंक नीचे आकर 74,502.90 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स में लिस्टेड 30 शेयरों में से 24 शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी-50 183.45 अंकों की गिरावट के साथ ही 22,704.70 के लेवल पर बंद हुआ। गत कारोबारी दिवस यह 22,888.15 के लेवल पर बंद हुआ था। आज कारोबार के दौरान पावरग्रिड के शेयरों में आज सबसे ज्यादा 1.52 फीसदी उछाल आया। इसके अलावा सनफार्मा , नेस्ले इंडिया , आईटीसी, भारती एयरटेल और इंडसइंड बैंक के शेयर भी ऊपर आये। दूसरी ओर टेक महिंद्रा का शेयर आज सबसे ज्यादा, 2.35 फीसदी फीसदी फिसला। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व , एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सिस बैंक , विप्रो, रिलायंस, इंफोसिस जैसी कंपनियां के शेयर नीचे आये। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार अगर भाजपा सरकार को बहुमत मिलता है तो बाजार में बढ़त देखने को मिलेगी पर अगर सरकार को कम सीटें मिलती हैं तो उसके लिए कठोर फैसले लेना कठिन होगा। इसी को लेकर आशंकित विदेश निवेशक जमकर निकासी कर रहे हैं। वहीं गत दिवस भी मुनाफावसूली के कारण बाहर गिरा था। इससे पहले आज सुबह बाजार की कमजोर शुरुआत हुई। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले नकारात्मक संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी होने से आई है। इसी के साथ ही तीस शेयरों वाला एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स 0.43 फीसदी करीब 321 अंक नीचे आकर 74,849.45 के स्तर पर खुला। वहीं पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 500.46 फीसदी तकरीबन 105 अंक फिसलकर 22,783.35 के स्तर पर आया।

एशिया-प्रशांत बाजार में गिरावट के साथ कारोबार हुआ। जापान का निक्केई 0.33 फीसदी, कोरिया का कोस्पी 0.95 फीसदी फिसला। ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 भी 0.95 फीसदी की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा था। अमेरिकी बाजारों में, नैस्डैक ने एनवीडिया स्टॉक में 7 फीसदी की बढ़त के बल पर पहली बार 17,000 का आंकड़ा पार करते हुए एक नया रिकॉर्ड बनाया। नैस्डैक 0.59 फीसदी उछलकर बंद हुआ, एसएंडपी 500 में 0.02 फीसदी की हल्की बढ़त दर्ज की गयी जबकि डॉव जोन्स 0.55 फीसदी टूटा।

# पलक झपकते ही आपके घर सामान पहुंचाएगा जियोमार्ट

## -मुकेश अंबानी की कंपनी अब क्विक कॉमर्स सेक्टर में भी

**मुंबई ।**

भारत और एशिया के सबसे बड़े अमीर कारोबारी मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज क्विक कॉमर्स सेक्टर में आने की तैयारी में है। कंपनी सूत्रों के मुताबिक जियोमार्ट अगले महीने की शुरुआत में यह सर्विस शुरू कर सकता है। इस सेक्टर में रिलायंस का मुकाबला जोमैटो के ब्लिंकिट, टाटा ग्रुप के बिगबास्केट, स्विगी के इंस्टामार्ट और जेप्टो से होगा। शुरुआत में जियोमार्ट 7-8 महीने में ग्रोसरी की तेज डिलेवरी करेगा और फिर 1,000 से अधिक शहरों में इसका विस्तार करेगा। कंपनी ने इसके पहले 90 मिनट में ग्रोसरी का सामान पहुंचाने के लिए जियोमार्ट एक्सप्रेस सर्विस शुरू की थी लेकिन बाद में करीब एक साल पहले बंद कर दिया गया था। अब कंपनी की योजना 30 मिनट से कम समय में डिलीवरी पूरी करने की है। रिलायंस उस समय इस सेक्टर में आने की योजना बना रही है, जब वॉलमार्ट की कंपनी फ्लिपकार्ट भी क्विक कॉमर्स स्पेस में उतरने की तैयारी कर रही है। यह एक ऐसा प्रयोग है जो खासतौर पर युवा पीढ़ी के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। ब्लिंकिट, स्विगी और जेप्टो 10-15 मिनट में गोसरी और कई तरह के नॉन-ग्रोसरी आइटम की डिलीवरी करते हैं। सूत्रों के मुताबिक जियोमार्ट अपने क्विक कॉमर्स ऑपरेशन के लिए मौजूदा कंपनियों की तरह डार्क स्टोर मॉडल नहीं अपनाएगा, बल्कि इसके बजाय रिलायंस रिटेल के स्टोर और फुलफिलमेंट सेंटर्स के विशाल नेटवर्क का फायदा उठाएगा।

अब तक, जियोमार्ट अपने ग्राहकों को स्लॉटेड और अगले दिन डिलीवरी का विकल्प देता है। सूत्रों ने कहा कि समय के साथ, जियोमार्ट क्विक कॉमर्स के जरिए नॉन-ग्रोसरी आइटम्स की डिलीवरी भी करेगा। उन्होंने कहा इसमें रिलायंस रिटेल के 18,000 से अधिक स्टोर्स का फायदा मिल सकता है। रिलायंस के क्विक कॉमर्स में एंट्री से इस क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। रिलायंस रिटेल की पूरे देश में मौजूदगी है और उसके पास पैसों की कोई कमी नहीं है। इसके बाद इस सेक्टर में मौजूदा कंपनियों को कड़ी टक्कर मिल सकती है। अभी ब्लिंकिट लगभग 40-45 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ क्विक कॉमर्स सेक्टर में लीडिंग पोजीशन में है। गोल्डमैन सैश का अनुमान है कि ग्रॉस ऑर्डर वैल्यू के हिसाब से देश में ऑनलाइन ग्रोसरी बाजार का साइज वित्तीय साल 2024 तक करीब 11 अरब डॉलर का है। इसमें से क्विक कॉमर्स की हिस्सेदारी लगभग 50 प्रतिशत या पांच अरब डॉलर है।

# मुथूट पप्पाचन ग्रुप के ब्रांड एंबेसडर बने शाहरुख खान


**मुंबई ।**

मुथूट पप्पाचन ग्रुप (एमपीजी) ने शाहरुख खान को अपना ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। 137 साल पुराने प्रमुख व्यापारिक समूह को मुथूट ब्लू के नाम से जाना जाता है। मुथूट पप्पाचन समूह भारत की कुछ प्रमुख एनबीएफसी का प्रवर्तक है, जिसमें मुथूट फिनकॉर्प लिमिटेड (समूह की प्रमुख कंपनी), मुथूट माइक्रोफिन लिमिटेड, मुथूट कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड और मुथूट हाउसिंग फाइनेंस कंपनी लिमिटेड शामिल हैं। यह भागीदारी देश के आर्थिक विकास और आकांक्षाओं को बढ़ावा देने से जुड़े एमपीजी के दृष्टिकोण और दृढ़ समर्पण को प्रदर्शित करती है। शाहरुख खान की प्रतिष्ठा इस नैरेटिव को और आगे बढ़ाएगी, जो सभी आयु वर्ग के ग्राहकों के साथ जुड़ेगी और उन्हें बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करेगी। मुथूट पप्पाचन समूह के अध्यक्ष, थॉमस जॉन मुथूट ने अपनी टीम में शाहरुख खान के शामिल होने पर उत्साह जताकर कहा, यह हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है। शाहरुख अपने साथ सिर्फ स्टार पावर ही नहीं ला रहे, बल्कि वह विनम्रता और अपने बल पर हासिल सफलता के भी प्रतीक हैं, जो हमारे मूल मूल्यों के अनुरूप है। उन्होंने कहा, शाहरुख की यात्रा हमारी कंपनियों में विभिन्न टचप्वाइंट पर सेवाओं को सुलभ बनाने, देश भर में आम आदमी को सशक्त बनाने के हमारे मिशन को मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# कम बजट और ज्यादा माइलेज वाली ये है बाइक्स

## -बाजार में ग्राहकों की बनी हुई पहली पसंद

**नई दिल्ली ।** आज हम आपको बता रहे हैं 80 हजार रुपये तक के बजट में आने वाली पांच बढ़िया बाइक मॉडल्स के बारे में जो ज्यादा माइलेज ऑफर करती हैं। जानकारी के मुताबिक, होंडा लिवो ड्रम बाइक के ड्रम वेरिएंट की कीमत 78,500 रुपये (एक्स-शोरूम) और डिस्क वेरिएंट की कीमत 82,500 रुपये (एक्स-शोरूम) है। ये बाइक एक लीटर में 74 किलोमीटर तक दौड़ सकती है। बजाज ऑटो की बजाज प्लेटिना पॉपुलर बाइक की कीमत 67,808 रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू होती है। माइलेज की बात करें तो एक लीटर पेट्रोल में ये बाइक 70 किलोमीटर तक दौड़ सकती है।हीरो मोटोकॉर्प की हीरो स्पलेंडर प्लस पॉपुलर बाइक के लिए 75,141 रुपये (एक्स-शोरूम) से 77986 रुपये (एक्स-शोरूम) तक खर्च करने होंगे। हीरो कंपनी की ये बाइक 80 किलोमीटर तक का माइलेज ऑफर करती है। टीवीएस मोटर की टीवीएस स्पोर्टस अफोंडेबल बाइक के दो मॉडल्स हैं, एक मॉडल की कीमत 59,881 रुपये (एक्स-शोरूम) तो वहीं दूसरे मॉडल की कीमत 71,223 रुपये (एक्स-शोरूम) है। एक लीटर फ्यूल में ये बाइक 75 किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकती है। एक लीटर में 65 किलोमीटर तक दौड़ने वाली होंडा शाइन बाइक की कीमत 64,900 रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू होती है। बता दें कि लोगों को अक्सर एक ऐसी बाइक की जरूरत होती है जो भरपूर माइलेज दे। देश में पेट्रोल की कीमत 100 रुपये के पार पहुंच गई है ऐसे में अगर माइलेज अच्छी न मिले तो पेट्रोल का खर्च काफी बढ़ जाता है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in